ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
सैम हिग्गिनबॉटम युनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एण्ड सांइसेज
वानिकी महाविद्यालय, प्रयागराज

**मौसम पूर्वानुमान वर्ष** 2023, 21 फरवरी, 2023, मंगलवार, आई0एम0डी0, भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार **प्रयागराज** में निम्न मौसम रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

| क्र0स0 | मौसम तत्व | 22/02/23 | 23/02/23 | 24/02/23 | 25/02/23 | 26/02/23 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आकाश में बादलों की दशा (ऑक्टा) | साफ (1) | साफ (3) | साफ (0) | साफ (4) | साफ (0) |
| 2 | वर्षा मिमी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | हवा की औसत गति (किमी./घंटा) | 7.0 | 10.0 | 8.0 | 8.0 | 8.0 |
| 4 | हवा की दिशा (कम्पास पोइन्ट्स) | 112 | 292 | 279 | 210 | 112 |
| 5 | अधिकतम तापमान | 35.0 | 34.0 | 34.0 | 33.0 | 33.0 |
| 6. | न्यूनतम तापमान | 14.0 | 13.0 | 13.0 | 14.0 | 13.0 |

**कृषक भाईयों को कृषि वैज्ञानिकों की सलाह –**

1 गेहूँ की फसल को चूहों से बचाने के लिए जिंक फास्फाइड से बने चारे अथवा एल्यूमिनियम फास्फाइड की 0.6 ग्राम की टिकिया चूहों के बिलों में रखकर बिल बन्द कर दें।

2 गेहूँ में खुला कण्डुआ से ग्रसित बालियों को देखते ही खेत से निकालकर उन्हें जला दें या मिट्टी में दबा दें।

3 गन्ने की पछेती किस्मों की कटाई इसी माह पूरी कर लें।

4 सरसों की 75% फलियों में सुनहरा पीला पड़ने पर कटाई करना उचित है।

5 भिण्डी, लोबिया, राजमा आवश्यकतानुसार निराई–गुड़ाई व सिंचाई करें 50 किलोग्राम यूरिया खड़ी फसल में डालें।

6 नींबूवर्गीय फल कैंकर रोग की रोकथाम हेतु छिड़काव करें। फलों को तोड़कर बाजार भेंजे।

7 पपीता नये बाग की रोपाई करें। फलों को तोड़कर बाजार भेजें।

8 पशुओं को अफरा रोग से बचाव हेतु फूली हुई बरसीम न खिलायें।

9 मुर्गियों को संतुलित आहार देते रहें। यदि टीकाकरण की आवश्यकता हो तो पशु चिकित्सक से परामर्श करें व टीका लगवायें।

10 भेड़ व बकरी के पेट को कीड़े रहित करने हेतु कृमिनाशक दवा पिलायें।

11 मुर्गियों को कृमिनाशक दवा दें।

(डा0 प्रवीन चरन)
तकनीकी अधिकारी

(डा0 बिस्वरूप मेहरा)
एसोसिएट नोडल अधिकारी

(प्रो0 (डा0) एस0 बी0 लाल)
नोडल अधिकारी

# थरवई थाना क्षेत्र में आज सुबह 10 बजे बेरुई गांव में पास तेज रफ्तार दूध टैंकर ने युवती मौत हो जाती है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**थरवई थाना क्षेत्र में आज सुबह 10 बजे बेरुई गांव में पास तेज रफ्तार दूध टैंकर ने 20 साल की युवती अनारकली को रौंद दिया। युवती की एक्सीडेंट के बाद मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक दूध टैंकर लेकर मौके से फरार हो गया। युवती के भाई की तहरीर पर थरवई पुलिस ने अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रोड पार करते समय हुआ हादसा : थरवई थाना क्षेत्र के ग्राम चकिया धरहरा निवासी प्रवीण कुमार ने पुलिस को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहीर दी उसके मुताबिक उसकी बहन अनारकली काम के सिलसिले में थरवई जा रही थी। वह अप्पे पर सवार थी।



ग्राम बेरुई के पास कुछ सामान लेने वह अप्पे से उतरकर सड़क पार कर रही थी। तभी मंगलम दूध फैक्ट्री का टैंकर सहसों की तरफ जा रहा था। उसकी गति काफी तेज थी। टैंकर ने मेरी बहन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मेरी बहन अनारकली की मौके पर ही मौत हो गई। टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया बाइक और स्कूटी की हुई टक्कर : प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर बाइक और स्कूटी की टक्कर हुई, जिसमें बाइक सवार को मामूली चोटें आईं और अनारकली की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। घटना की सूचना पर थरवई पुलिस मौके पर पहुंच गई। अनारकली के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस और परिजनों के बीच कहासुनी होने लगी। मौके पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने समझा-बुझाकर किसी तरह शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाई प्रवीण कुमार ने स्कूटी पर सवार होने की बात से इनकार किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है। थरवई के उप निरीक्षक सुखचैन तिवारी ने बताया कि मौके से एक बाइक और एक स्कूटी में टक्कर पाई गई है। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने लाया गया है। ट्रक चालक मय ट्रक मौके से फरार हो गया है। प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। स्कूटी किसकी थी उसका पता लगाया जा रहा है। सभी पहलुओं की बारीकी से जांच हो रही है। डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेज दिया गया है।

# महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव भक्तों में देखने को मिला भक्ति और आस्था का अनुठा संगम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**संभल/चन्दौसी।** महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार को संभल जनपद के चंदौसी में नगर में सीता रोड स्थित मूछों वाले शिव मंदिर, पर भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। अपने आराध्य भगवान शिव की एक झलक पाने को भक्त लालायित थे। सुबह से झलक देखने को नहीं मिलती। भक्तों ने जल से अभिषेक करके मनुष्य मांगी और प्रसाद चढ़ाया। महाशिवरात्रि के पर्व पर संभल जनपद के बहजोई स्थित सादात बाड़ी पातालेश्वर महादेव मंदिर रतनपुर बेदनी के महादेव मंदिर चंदौसी के बड़ा महादेव शिव मंदिर आदि शिव मंदिरों पर भक्तों की भारी



ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें शिव मंदिर पर देखी गई। हर-हर महादेव के जयकारों के बीच भगवान शिव का अभिषेक किया गया। शिवभक्त हरिद्वार, नरोरा आदि गंगा घाटों से जल लेकर अपने आराध्य भगवान शिव को अर्पण करने मंदिर पहुंचे। मंदिर के महंत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के संभल जनपद के चंदौसी ही एकमात्र ऐसा स्थान है यहां मूछों वाले महादेव विराजमान है और कहीं भगवान शिव की ऐसी भीड़ देखी गई महाशिवरात्रि के मौके पर शनिवार को सीता रोड स्थित बगिया वाली माता मंदिर के मैदान में बच्चों ने जमकर चाट पकौड़ी का आनंद लिया और झूले झूले वही जिलाधिकारी मनीष बसंल तथा पुलिस अधीक्षक ने भी जनपद संभल के वेरनी रतन के शिव में जलाभिषेक किया। तथा वहां लोगों की भीड़ देख यह लग रहा था कि आस्था और संगम का पर्व है।

# परिवहन विभाग की तरफ से चलेगा विशेष अभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**में परिवहन विभाग की तरफ से चलेगा विशेष




अभियान- हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर 10,000 जुर्माना, यह नंबर प्लेट तभी मिलेगा जब गाड़ी के सभी कागजात सही होंगे। इसके लिए चार टीमें भी गठित कर दी गई हैं। दो दिन के अभियान में करीब 40 वाहनों का चालान काटा गया और उनसे जुर्माना भी वसूला गया। आज से और सख्ती बरती जाएगी। शहर के चौराहों पर टीम हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की जांच करेगी और यह प्लेट न होने की दशा में पहली बार 5,000 रुपए जुर्माना लिया जाएगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर यह जुर्माना दोगुनी करते हुए 10,000 रुपए वसूले जाएंगे। 9 लाख वाहनों पर नहीं लगे हैं यह नंबर प्लेट राजीव चतुर्वेदी बताते हैं कि प्रयागराज में 14.67 लाख वाहन हैं। सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए 30 नवंबर तक की तारीख निर्धारित की गई थी। बाद में यह तारीख बढ़ाकर 15 फरवरी कर दी गई थी। लेकिन इसके बाद भी अभी बड़ी संख्या में लोगों ने यह नंबर प्लेट अपने वाहनों पर नहीं लगवाया है।अभी तक 5.30 लाख वाहनों पर ही यह प्ऍंझ् लगाई गई है। बाकी 9 लाख से ज्यादा वाहनों पर यह हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगे हैं। ऐसे वाहनों को चिह्नित किया जाएगा और उनसे 5,000 से 10,000 रुपए तक का जुर्माना लिया जाएगा। राजीव चतुर्वेदी ने कहा, कि हर हाल में यह नंबर प्लेट लगवाना ही होगा।

# महाशिवरात्रि पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**पीडीए कॉलोनी नैनी के डी ब्लॉक स्थित गंगेश्वर शिव मंदिर पर शिवरात्रि के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस भंडारे में लगभग 5000 से ऊपर शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुंदरकांड के भव्य पाठ के बाद दोपहर के लगभग तीन बजे से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ और लगभग रात ग्यारह बजे तक चलता रहा।कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी स्थानीय लोगो का सहयोग प्राप्त हुआ।भंडारे में गंगेश्वर चतुर्वेदी, दीप कुमार, विपिन सिंह, श्रीकान्त शाह, विश्वप्रकाश राय, अजीत शर्मा, पुनीत अरोड़ा,राजू अरोड़ा,सुधांशु शर्मा,कन्हैया, सुभम् , किशन, कुलदीप,सुभम् शर्मा,गोलू,राजाना श्रीवास्तव,संटू,नवीन निगम, आशीष सिंह , शिवराम , आलोक सिंह,रवि केशरवानी , अजीत यादव आदि शिव भक्तों ने सहयोग किया।



# अस्पतालों में वायरल फीवर और टाइफाइड के मरीज बढ़े, अस्पतालों में रजिस्ट्रेशन के लिये लम्बी लगी लाइन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**मौसम में हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। दिन में गर्मी होने से लोग हल्के कपड़े पहनकर घर से निकल रहे हैं और शाम होते ही ठंड का असर शुरू हो जाता है। यही कारण है कि लोग सर्दी जुकाम और बुखार से ग्रसित हो रहे हैं। हर घर में वायरल फीवर, जुकाम और टाइफाइड जैसी बीमारियों की दस्तक हो चुकी है। अस्पतालों में सबसे ज्यादा भीड़ फिजीशियन की ध्झ्३-में हो रही है। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल, मोतीलाल लाल नेहरू मंडलीय अस्पताल, तेज बहादुर सप्रू अस्पताल में भीड़ सबसे ज्यादा हो रही है। वहीं, बच्चे भी इसे अछूते नहीं हैं। सरोजनी नायडू चिल्ड्रन हॉस्पिटल में भी बीमार बच्चे पहुंच रहे हैं। 100 में 30 मरीज वायरल फीवर से परेशान : मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (काल्विन) के सीनियर फिजिशियन डॉ. केके मिश्रा कहते हैं कि करीब 15 दिनों से ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ी



है। यहां 100 में लगभग 30 मरीज मौसम में हो रहे बदलाव के चलते वायरल फीवर से पीड़ित होकर पहुंच रहा है। ऐसे मरीजों को ज्यादा जांच कराने के बजाय दवा देकर लापरवाही न बरतने की सलाह दी जाती है। डॉ. मिश्रा कहते हैं कि ठंड अभी पूरी तरह से नहीं गई है इसलिए यह ध्यान देना होगा कि घर से निकलते समय गर्म कपड़े जरूर पहनें। ठंड और गर्मी के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। बच्चों को भी विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि वह जल्दी ही बीमार हो जाते हैं। अस्थमा के मरीजों को इस मौसम में ज्यादा खतरा : डॉ. केके मिश्रा बताते हैं कि साल में तीन बार ऐसा होता है जब मौसम में बदलाव होता है। इसमें किस तरह से बच कर रहना है यह लोग भूल जाते हैं। बस इसी लापरवाही से वह बीमार पड़ जाते हैं। सांस फूलने की बीमारी भी ज्यादा देखी जाती है। अस्थमा के मरीजों के लिए यह मौसम ज्यादा खतरनाक होता है। क्योंकि उनके फेफड़े पहले से ही कमजोर होते हैं और जब ऐसे मौसम होते हैं तो उनमें इंफेक्शन के खतरे बढ़ जाते हैं। उन्हें विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है।

सीधे प्रवेश

100% Placement


नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

15% Fee Concession

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)


❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# शिवालयों में उमड़ा भक्तों का हुजूम, चढ़ाया जल



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** महाशिवरात्रि के अवसर पर लाखों श्रद्धालु मंदिरो मे आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि के मौके पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. ब्रह्म मुहूर्त से ही प्रशासनिक अफसरों का दावा है कि सुबह 4 बजे तक चार एक लाख से अधिक श्रद्धालु ने दर्शन किया लोगो ने आसपास के शिवालय पहुंचे और भगवान का अभिषेक किया आज मैं गोमती नदी किनारे मनकामेश्वर मंदिर महान दिव्या गिरी जी ने श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम स्वागत के लिए मंदिर के द्वार खोलें और भक्तों ने लाखों की तादात में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में देव जी महाराज जीने सब को आशीर्वाद दिया और भोलेनाथ की कृपा बनी रहे सब पर महाराज जी ने सबकी मनोकामना पूरी करें भोले नाथ की जय बम बम भोले देव जी महाराज ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन दिये श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर शांतिपूर्वक भगवान का आशीर्वाद लिया और महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद व फूल माला भगवान जी पर दूध चढ़ाया और श्रद्धालु दिव्या गिरी महाराज के आशीर्वाद प्राप्त किया इस मनकामेश्वर मंदिर की सबसे खास मान्यता यह है कि यहां मांगी मुरादें पूरी होती हैं। वहीं शहर के तमाम शिवालयों मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। तमाम शिव मंदिरों में भक्तों ने भगवान भोले बाबा को बेलपत्र, धतूर, दूध और जल चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ण की। इस दौरान सभी शिव मंदिरों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। देर शाम शहर के कई इलाकों से भगवान भोले बाबा की शिवबारात धूमधाम से निकाली गयी।

# चोपन पुलिस द्वारा वन अधिनियम व लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चोपन/सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में वांछित/वारण्टी



अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज चोपन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 2518/2011 धारा 5/26 वन अधिनियम व धारा-3 लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम से सम्बंधित एक नफर वारण्टी अभियुक्त छोटेलाल पुत्र श्यामलाल, निवासी- अम्माटोला, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 42 वर्ष को अम्माटोला कोटा चोपन से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार करने वाली टीम में।प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत,उ0नि0 त्रिभुवन राय, अविनाश कुमार,आरक्षी करन कुमार,आरक्षी हरिश्चन्द्र, शामिल रहे।

# थाना चोपन पुलिस ने 01 नफर वारण्टी को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चोपन/सोनभद्र।**पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 1395/2020 धारा 323, 504, 506 भादवि से सम्बंधित एक नफर वारण्टी अभियुक्त राजू कुरैशी पुत्र मुन्ना कुरैशी, निवासी- हाइड्रिल कॉलोनी चोपन, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 27 वर्ष को हाइड्रिल कॉलोनी चोपन से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेज दिया गया ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, उ0नि0 नवनीत कुमार चौरसिया,आरक्षी अर्पित मिश्रा,आरक्षी करन कुमार, आरक्षी हरिश्चन शामिल रहे।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला।** सोनभद्र हाथीनाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत हथवानी मे आज सोमवार को सुबह लगभग पांच बजे के करीब स्थानीय लौगो ने बताया कि साउडीह मे एक ब्यक्ति आम के पेड़ से लटक रहा है इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने घर वालों के दे दिया वहीं घर वाले में मचा हड़कंप फासी की सूचना स्थानीय द्वारा हाथीनाला पुलिस को दे दिया मिली जानकारी के अनुसार मृतक रामजतन पुत्र रामप्रीत हथवानी के साउडीह निवासी बताया जा रहा है शव संदिग्ध परिस्थिति में उसके घर के पीछे आम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला जिसे देख कर प्रथम दृष्टया आत्महत्या की आशंका जताया जा रहा है । घटनास्थल पर हाथीनाला पुलिस पहुंचकर परिवार के लोगों की मदद से आम के पेड़ से लटके हुए शव को उतरवा कर शव को दुध्दी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



# भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय रोहनिया मे अनुसूचित जाति मोर्चा, वाराणसी जिला कार्यसमिति संपन्न हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमान अजीत रावत जी, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष श्रीमान हंसराज विश्वकर्मा जी व रजनीश कनौजिया जी क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, संजय सोनकर जी जिला महामंत्री, हुए.. कार्यक्रम का शुभारम्भ वन्दे मातरम् गीत जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा शशि कुमार व संजय सोनकर जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शशि कांत सेहरा ने किया तत्पश्चात वक्तव्य मे सरकार की योजनाओं, विकास कार्यो, वर्ष 2023-24 का बजट, अनुसूचित संविधान शिल्पी बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर जी स्मृति स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित करने के बारे मे व भय मुक्त समाज, सरकार द्वारा बेहतर प्रशानिक सुरक्षा,मोटे अनाज जौ,ज्वार,बाजरा,रागी इत्यादि के संदर्भ मे चर्चा की गई।




कार्यलय मंत्री जय कुमार जैसल जी , सुधीर वर्मा जी मण्डल अध्यक्ष, ओमप्रकाश प्रियदर्शी जी जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, शशि सोनकर, रवि वर्मा जी, राजेश कन्नौजिया जी, शशि कान्त सेहरा जी, अजय शास्त्री जी, सुरेंद्र प्रताप जी, रविंद्र जी, संजय सोनकर जी के साथ समस्त मण्डल के मण्डल अध्यक्ष व सम्मानित पदाधिकारी सम्मिलित जाति के उत्थान हेतु, दलित वंचित व्यक्ति के उत्थान व विकाश हेतु, सरकार द्वारा चलाई जा रहे योजनाओं, दलित बस्तियों मे बस्ती अभियान के कार्यक्रम पर जोर दिया वर्ष 2022 मे बस्ती अभियान के कार्यक्रम मे काशी क्षेत्र का स्थान सर्वोत्तम रहा , मोबाइल पर सरल एप्लीकेशन के बारे मे विस्तृत रूप से बताया गया व डाउनलोड करवाया गया, कार्यसमिति में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की शीघ्र से शीघ्र बूथ स्तर तक समिति का गठन करने को निर्देशित किया गया व आगामी 14अप्रैल को बाबा साहब की जन्मजयंती को विशाल व वृहद रूप में करने का निर्णय लिया गया। कार्यसमिति में वाराणसी जिला के समस्त पदाधिकारी व मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहें।

# डा0 गुरुप्रसाद को नोडल से हटाए जाने एवं जांच की मांग को लेकर जन अधिकार पार्टी ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**राबर्ट्सगंज/सोनभद्र।** जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने आज दिनांक 20 फरवरी 20223 प्रेस को जारी बयान में बताया कि जनपद सोनभद्र में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के अधिनस्थ डा0 गुरु



प्रसाद जिनका लेवल दो हैं व पूर्व का कार्य आपराधिक रहा है जिनको नियम विरुद्ध निजी अस्पताल व झोलाछाप एव पैथोलॉजी का नोडल बनाया गया है।नियमानुसार लेवल दो के डा0 को नोडल नही बनाया जा सकता परन्तु सोनभद्र में लेवल चार के ड़ा0 को मौजूद रहने के बाद भी लेवल दो के ड़ा0 को नोडल बनाया जाना भ्रस्टाचार को बढ़ावा देना है इसके साथ ही ड़ा0 गुरु प्रसाद अपने प्रथम तैनाती जनपद चंदौली के दौरान फर्जी आर0टी0ओ0 बनकर अवैध धन अर्जित करते हुए पकड़े गए थे । दूसरे तैनाती जनपद सोनभद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल के दौरान कांस्टेबल ( पुलिस ) से मार - पीट का मामला प्रकाश मेंआया था इसके साथ ही ॐ पेपर साल्वेयर प्रकरण में भी डा0 गुरु प्रसाद का नाम प्रकाशित हो चुका है इसके वावजूद भ्रस्टाचार की आकंठ में डूबे ब्यक्ति को इतने महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति करना कहा तक न्याय संगत है । आगे श्री मौर्य ने बताया कि ड़ा0 गुरु प्रसाद निजी अस्पतालों एव पैथोलॉजी पर जाकर अवैध धन वसूली करने में मस्त है जो अस्पताल एव पैथोलॉजी संचालक इनका मांग पूरा नही करता उसका अस्पताल सील कर देते है अथवा नोटिस देकर तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने को कह कर चले आते हैं । जब वह संचालक इनका मांग पूरा कर देता है तो यब बात समझ मे नही आता कि वह अस्पताल अथवा पैथोलॉजी दो चार दिन में पुनः उसी रूप में चालू हो जाता है । कब स्पष्टीकरण आया कब जांच हुई कब कार्यवाही हुई यह किसी को पता ही नहीं चलता और इस तरह से ड़ा0 गुरु प्रसाद अवैध धन अर्जन करने में मस्त है । पूर्व में ड़ा0 गुरुप्रसाद के विरुद्ध किए गए शिकायतों पर इन्हें नोडल से कई बार हटाया गया था परन्तु कुछ ही दिनों बाद इन्हें बार बार नोडल बना दिया जाता है इससे साबित होता है कि तत्कालीन मुख्य चिकित्साधिकारी गण भी डॉ0 गुरु प्रसाद के अवैध धन अर्जन में कही न कही सामिल रहे है । भागीरथी सिंह मौर्य ने बताया कि इस सम्बंध में दिनांक 01 दिसम्बर 2022 , 18 नवम्बर 2022 , एव 03 अक्टूबर 2022 को शिकायती पत्र भेज कार्यवाही की मांग की गई थी परन्तु किसी प्रकार की कार्यवाही नही की गई । एक बार पुनःमा0 मुख्य मंत्री जी , मा0 उप मुख्यमंत्री जी / स्वास्थ्य मंत्री श्री बृजेश पाठक जी , प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य , जिलाधिकारी सोनभद्र एव मुख्य चिकित्साधिकारी सोनभद्र को शिकायती पत्र भेज ड़ा0 गुरु प्रसाद को नोडल से तत्काल हटाकर इनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए गुरु प्रसाद व उनकी पत्नी एव पुत्र पुत्रियों के नाम अवैध रूप से अर्जित की गई चल अचल संपत्ति की जाँच कराकर विधि अनुरूप कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है जिससे जनपद वासियो को सस्ती एव बेहतर चिकित्सा प्राप्त हो सके । आगे भागीरथी सिंह मौर्य ने कहा की शिकायती पत्र को संज्ञान में लेकर मा0 उप मुख्य मंत्री जी ने सोनभद्र के मुख्य चिकित्साधिकारी को निलंबित कर सोनभद्र की आम जनता को राहत देने व भ्रस्टाचार पर अंकुश लगाए जाने का जो काम किया है वो काबिले तारीफ है परन्तु नोडल गुरु प्रसाद एवं भ्रस्टाचार में लिप्त मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सोनभद्र के अन्य चिकित्सको एव कर्मचारियों के विरुद्ध जब तक कार्यवाही नही होती तब तक जनपद वासियो को शासन की योजनाओं का लाभ एवं गुनवक्तयुक्त स्वास्थ्य सुविधा मिल पाना मुश्किल है ।

# सीतापुर कार्यालय पर आयोजित हुआ महाशिवरात्रि पर भंडारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर।** सीतापुर की आदर्श नगर में स्थित आधुनिक समाचार के कार्यालय पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भोलेनाथ के महापर्व जितेंद्र पाल, अरविंद वर्मा, अमरपाल, सुनील वर्मा, दिव्य त्रिवेदी, ध्रुव गुप्ता आदि शहर के कई गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे । कार्यक्रम का आरंभ श्री सतीश चंद्र






शिवरात्रि पर भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सीतापुर अचिन मेहरोत्रा , जिला पदाधिकारी संजय मिश्र, डीसीएफ चेयरमैन सत्य प्रकाश मिश्रा, विनीत त्रिवेदी ,शुचिरुचेंद्र सिंह ,युवा मोर्चा जिला महामंत्रीअनूप विश्वकर्मा, शिवकेश, प्रभाकर सक्सेना, त्रिवेदी जी ने भोलेनाथ की आरती एवं सिंगार के साथ किया कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलवाने में नैपालापुर चौकी के आरक्षी लवलेश एवं विनीत जी का पूर्ण सहयोग रहा कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को शिव चालीसा प्रदान कर ब्यूरो चीफ आशीष त्रिवेदी ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# आज भी इन्सानियत और इमानदारी नजर आही ही जाती है गहनो से भरा पर्स महिला ने पुलिस को शौपा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**शाहगंज थाना कि पुलिस को शौपा गहनो से भरा पर्स शाहगंज पुलिस के द्वारा पर्स को उसके मालिक को किया गया सुपुर्द सोनभद्र/एक महिला सुप्रिया मौर्य पत्नी दिवाकर सिंह मौर्य निवासी- ग्राम गोरिया, पोस्ट पनौली, थाना घोरावल का पर्स रॉबर्ट्सगंज से अपने घर जाते समय कहीं गिर गया था । जिसका पर्स थाना शाहगंज क्षेत्र की महिला सदेफुन पत्नी मिट्ठू खान, निवासी- बेलाटांड़, थाना शाहगंज द्वारा कस्बा शाहगंज में पाया तथा उक्त पर्स को थाना शाहगंज की महिला सदेफुन उपरोक्त द्वारा थाना शाहगंज में आकर सुपुर्द किया गया। थाना शाहगंज पुलिस द्वारा सुप्रिया मौर्य उपरोक्त को उसका जेवरात से भरा पर्स किया गया । अपना खोया हुआ जेवरात से भरा पर्स पाकर सुप्रिया मौर्य द्वारा थाना शाहगंज पुलिस एवं उपरोक्त महिला की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी। **सुपुर्द किया गया सामान-** 01. 02 अदद पीली धातु की अंगूठी। 02. एक अदद 01 जोड़ी पायल। 03. एक अदद पीली धातु का मंगलसूत्र। 04. एक आदत चश्मा। 05. एक अदद ब्लूटूथ।



# महाशिवरात्रि पर स्वयंसेवकों ने किया घोष वादन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से अखिल भारतीय घोष दिवस शनिवार को महाशिवरात्रि के दिन मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सोनभद्र के स्वयंसेवकों ने घोष दल का संचलन निकाला।



जिला घोष प्रमुख तारकेश्वर सिंह के नेतृत्व में सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने शिवाजी शाखा पर उपस्थित होकर संघ प्रार्थना किया। तत्पश्चात सोनभद्र नगर का घोष पथ संचलन सोनभद्र नगर के हाइडिल मैदान से पूर्ण गणवेश मे प्रारंभ होकर दंडईत बाबा शिव मंदिर पर घोष वादन के साथ समाप्त हुआ। महामृत्युंजय शिव मंदिर पर पहुंचकर स्वयंसेवकों ने बाबा भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया व लगभग 1 घंटे तक घोष का वादन लगातार चलता रहा। घोष पथ संचलन में सिर्फ घोष वादक शामिल थे। कार्यक्रम में सोनभद्र नगर व जिले के घोष वादकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिला संघचालक हर्ष अग्रवाल, जिला प्रचारक सोनभद्र दीपक,सह जिला कार्यवाह पंकज पांडेय,सुरेश केशरी, महेश शुक्ला,कीर्तन सिंह, नीरज सिंह, रामलगन,अखिलेश,राजेंद्र, भीम सिंह, जे0बी0 सिंह, अनिल आदि मौजूद थे।

# ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र मे महाशिवरात्रि के पवन पर्व पर शिव पार्वती कि नाटिका एव नृत्य प्रस्तुत किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**महाशिवरात्रि का पर्व जीवन के तमस में आध्यात्मिक चेतना के प्रस्फुटित होने का महापर्व है। देवालयो में स्थापित पार्थिव शिवलिंग ज्योतिबिंदुस्वरूप परमात्मा शिव के निराकार स्वरूप की यादगार है । रात्रि अर्थात घोर अधर्म और अज्ञानता के समय में परमात्मा शिव साकार मनुष्य के तन में अवतरित होकर ईश्वरीय सत्य ज्ञान देकर और राजयोग सिखा कर मानव -



मन में व्यापक पांच विकारों को सदाकाल के लिए दूर करते हैं । वर्तमान समय में इस सृष्टि पर परम कल्याणकारी संगमयुग चल रहा है जब स्वयं परमात्मा शिव साधारण मनुष्य के तन में अवतरित होकर इस सृष्टि के महापरिवर्तन का दिव्यकर्म कर रहे हैं। विकास नगर स्थित ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र पर ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र पर महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रवचन करते हुए बी0के0 सुमन दीदी ने उक्त बातें कही। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हम सभी को स्थूल सामग्री के साथ साथ जीवन में दुख और अशांति उत्पन्न करने वाले विचारों और संस्कारों को मन से परमात्मा शिव के ऊपर समर्पित करना चाहिए तभी हमारे जीवन में सच्ची सुख और शांति संभव है । इस अवसर पर सेवाकेंद्र पर आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिव - संदेश दिया गया । शिव और शंकर में अंतर को एक नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया । जिसमें कु 0प्रिया(शंकर),कु0 मनिशा (पार्वती), कु 0प्रियंका(गणेश),कु0 पूनम(नारद ),तथा देव,दीप एवं अंशु ने (भक्तजनों) की प्रभावशाली भूमिका के माध्यम से शिव की भक्ति का संदेश दिया । कु0 साक्षी ने लागी लगन शंकराये तथा कुमार शौर्य ने हम बाबा के बच्चे हैं गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। रॉबर्टसगंज की सुप्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ अनुपमा सिंह ने आध्यात्मिक गीत के माध्यम से शिव के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके प्रतिभा बहन ,सीता बहन, सरोज बहन, कविता बहन, ललिता बहन, दीपशिखा बहन ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

# जनपद मे वारण्टियो की गिरफ़्तारी हेतु चलाए गये अभियान के तहत चोपन थाना पुलिस के द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 668/2021 धारा 149, 323, 504, 506 से संबंधित 01 नफर वारण्टी को दबिश देकर गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तारी का अभियुक्त का विवरण-** 01. मुन्ना लाल पुत्र बचऊ, निवासी- वर्दिया, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 01. प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । 02. उ0नि0 नवनीत कुमार चौरसिया, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र । 03.आरक्षी केसव सरोज, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र ।



# तथागत बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने से कायम होगा अमनचैन एव खुशहाली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** शनिवार को जनपद सोनभद्र के चोपन थानांतर्गत ग्राम चिरहुली में बौद्ध महोत्सव सम्पन्न हुआ जिसकी शुरुआत सारनाथ वाराणसी से आए पूज्य भन्ते बुद्ध ज्योति जी ने बुद्ध पूजा त्रिशरण , पंचशील कराकर किया मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव मा0 सुषमा मौर्य ने कहा कि आज पूरा देश ही नही बल्कि पूरा विश्व आतंकवाद , आपसी कलह , आर्थिक तंगी अंधविस्वास से जूझ रहा है इससे बाहर निकलने का मात्र एक ही रास्ता है वो है तथागत बुद्ध का मार्ग , तथागत बुद्ध ने कहा है कि यदि दुःख है तो उसका कारण है , कारण है तो निवारण है और निवारण का मार्ग है परंतु उस मार्ग पर हम सभी को चलना होगा । तथागत बुद्ध के विचारों को यदि हर ब्यक्ति आत्मसात कर ले तो पूरे विश्व मे अमनचैन शांति एवं खुशहाली कायम हो जाएगी जिसके लिए तथागत बुद्ध के द्वारा दिया गया त्रिशरण पंचशील एवं अष्टांगिक मार्ग को ग्रहण करना होगा और उसको अमल में लाना होगा । पूरे विश्व मे तथागत बुद्ध का ही एक ऐसा मार्ग है जो वैज्ञानिक है व तर्क करने की खुली छूट देता है और बुद्ध कहते है कि यदि कोई भी बात जब तर्क की कसौटी पर खरी उतरे तभी माने किसी के कह देने से मानने की जरूरत नही है । जहाँ तक भारतीय लोकतंत्र में जातीय जनगणना का सवाल है पहले हम लोगो को यह समझना होगा कि भारत का सम्बिधान तथागत बुद्ध की विचारधारा एव सम्राट अशोक के शासनपर आधारित सम्बिधान है बाबा साहब ने जो सम्बिधान देशवासियो को दिया है वह सम्बिधान सबको बराबरी का अधिकार एव बराबरी का सम्मान देता है जिस वोट से सरकार बनती है और वह सरकार आपकी एव आपकी आनेवाली पीढ़ियों का भाग्य विधाता होती है और उस सरकार को भी बनाने में जो वोट का महत्व है चाहे राजा का वोट हो अथवा किसान मजदूर गरीब का वोट हो सबके वोटकी कीमत एक बराबर होता है यह बाबा साहब की देन है । भारतीय सम्बिधान कहता है कि इस देश मे रहने वाले लोगो को संख्या के अनुपात में जीवन के प्रत्येक क्षत्रो में प्रतिनिधित्व होना चाहिए परन्तु आजादी के बाद से चाहे जिसकी सरकारे बनी किसी ने इस काम को नही किया लेकिन हमारे वोट से बनी सरकार में पहुँचे लोग भारतीय सम्बिधान में सौ से ज्यादा संसोधन अपने फायदे के लिए किया है । इसलिए देश मे जाती जनगणना बहुत ही जरूरी है इस मंच के माध्यम से भी मै मांग करती हूँ कि सरकार जातीय जनगणना कराए और जिस जाती की जितनी संख्या है उस जाती को जीवन के प्रत्येक क्षेत्रो में संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित कराया जाना चाहिए जिससे समाज के अंतिम ब्यक्ति के होठों पर मुस्कान दिख सके जब तक जातीय जनगणना नही होगा तब तक लोगो को उनका हक हिस्सा मिलना सम्भव नही है । अंत मे कहना चाहूंगी कि हमे साम्प्रदायिक होने की जरूरत नही है , धार्मिक उन्माद फैलाने की जरूरत भी नही है और ऐसा कार्य जो लोग चर्चा में बने रहने के लिए कर रहे है ऐसे लोगो के बहकावे में आने की जरूरत नही है ।

# रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 3 रन से हराया मैथ्यूज ने की घातक गेंदबाजी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने पार्ल के बोलैंड पार्क में ग्रुप बी मैच में पाकिस्तान को 3 रन से हराकर सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। 117 के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान को 113/5 पर रोक दिया। आलिया रियाज ने 23 गेंदों में 29 रन बनाए। इससे पहले वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनने के बाद कुल 116/6 का स्कोर बनाया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विलियम्स 30 की बदौलत 116 रन का स्कोर बनाया। पाकिस्तान की तरफ से निदा डार ने 13 रन देते हुए 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की भी शुरुआत भी खराब रही। पाकिस्तान ने 15 के स्कोर पर अपने दो विकेट खो दिए थे। इसके बाद निदा (27) ने टीम को वापसी जरूर करवाई, लेकिन यह काफी नहीं रहा।पाकिस्तान को आखिरी ओवर में जीत के लिए 18 रन चाहिए थे। आलिया रियाज और फातिमा सना क्रीज पर थे। दोनों मिलकर तीन चौकों लगाए। अंतिम दो गेंदों पर पांच रन चाहिए था, लेकिन शमीलिया कोनेल ने बेहतरीन वापसी और पाकिस्तान को तीन से हरा दिया। पाकिस्तान की तरफ से आलिया रियाज ने 29 रन की पारी खेली। वहीं, कैरेबियन टीम की तरफ से मैथ्यूज ने 14 रन देकर 2 विकेट लिए। इस जीत से वेस्टंडीज सेमीफाइल की रेस में बना हुआ है। वेस्टइंडीज अपने चारों मैच खेल चुका है, जिसमें दो जीते और दो हारे हैं। उसके कुल चार अंक हैं। वहीं, पाकिस्तान ने तीन मैच खेले हैं, जिसमें दो में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसके अभी दो ही अंक हैं। उसका अगला मुकाबला इंग्लैंड के साथ है। वहीं, ग्रुब ँ में भारत अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। भारत का अगला मुकाबला आयरलैंड से है। अगर भारत यह मैच जीतता है तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा।



# अखिल अक्किनेनी ने 30 गेंद में जड़े 91 रन, गेंदबाजों की पिटाई देख नॉट स्ट्राइकर बैटर बैठ गया मैदान पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (ण्ण्थ्) में रविवार को तेलुगु वारियर्स और केरला स्ट्राइकर्स के बीच मुकाबला खेला गया। मैच में अखिल अक्किनेनी ने सीसीएल के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड कायम कर डाला। अखिल ने 30 गेंद पर 91 रन बनाए। अखिल के इस असाधारण प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। गौरतलब हो कि सीसीएल में रविवार को तेलुगु वारियर्स और केरला स्ट्राइकर्स के बीच मुकाबला खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में तेलुगु वारियर्स ने केरला स्ट्राइकर्स को 64 रन से हराया। इस जीत में तेलुगु वारियर्स के अखिल अक्किनेनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तेलुगु वॉरियर्स के कप्तान अखिल अक्किनेनी ने ट्रॉफी की धमाकेदार शुरुआत की और उन्होंने 30 गेंदों में 91 रनों की तूफानी पारी खेली।अखिल की तुफानी पारी देखकर नाइस्ट्राइकर बल्लेबाज पिच पर बैठ गया। अखिल ने एक ओवर में दो सिक्स और एक शानदार चौका लगाया। वह 9 से अपने शतक से चूक गए। अखिल अक्किनेनी के प्रदर्शन को देखकर सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ हुई। यह मैच रायपुर स्टेडियम में खेला गया। गौरतलब हो कि रविवार से ही सीसीएल 2023 सीजन की शुरूआत हुई है। पहला मैच तेलुगु और केरला के बीच खेला गया। बता दें की यह सीसीएल का सातवां सीजन है। इस टूर्नामेंट की शुरूआत 2011 में हुई थी। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े अभिनेता इसमें हिस्सा लेते हैं। टूर्नामेंट में 8 टीमें खेलती हैं। इस सीजन के 19 मैच जयपुर, हैदराबाद, रायपुर, जोधपुर, बैंगलोर और तिरुवनंतपुरम सहित देश के छह सबसे बड़े शहरों में आयोजित किए जाएंगे। केरल स्ट्राइकर्सः कुंचाको बोबन, आसिफ अली, राजीव पिल्लई, उन्नी मुकुंदम, अर्जुन नंदकुमार, इंद्रजीत सुकुमारन, सिद्धार्थ मेनन, मणिकुट्टन, विजय येसुदास, शफीक रहमान, विवेक गोपन, साजू कुरुप, विनू मोहन, निखिल के मेनन, प्रजोद कलाभवन, एंटनी पेपे , जीन पॉल लाल, संजू शिवराम, सिजू विल्सन, और प्रशांत अलेक्जेंडर तेलुगु वारियर्सः अखिल अक्किनेनी, सचिन जोशी, अश्विन बाबू, धरम, आदर्श, नंदा किशोर, निखिल, रघु, सम्राट, तारक रत्न, तरुण, विश्व, प्रिंस, सुशांत, खय्यूम और हरीश।



# घरेलू पिचों पर भारत का टेस्ट मैच में दबदबा, इन पिचों पर नहीं गंवाया है एक भी मैच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ने दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से मात दी। इस जीत से भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-0 से बढ़त बना ली है। नागपुर की ही तरह भारत ने दिल्ली में भी तीसरे दिन मैच जीत लिया। जडेजा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए दूसरी पारी में 7 विकेट लिए। इस मैच में कुल 10 विकेट चटकाए। इस जीत से भारत ने टेस्ट मैच में दिल्ली की पिच में जीत का सिलसिला जारी रखा हैं। भारत ने दिल्ली की पिच पर साल 1993 से 2023 तक कोई भी टेस्ट मैच नहीं हारा। इस पिच पर भारत ने कुल 13 टेस्ट मैच खेले हैं। इनमें से किसी भी मैच में भारत को हार नहीं मिली है। इसके अलावा मोहाली में भी भारत कोई टेस्ट मैच नहीं हारा है। मोहाली में भारत ने 1997 से 2022 तक कुल 13 मैच खेले हैं और एक भी नहीं गंवाया है। मुंबई के ब्रेबोन स्टेडियम में भारत ने 1948 से 1965 तक 13 टेस्ट मैच खेले और एक में भी हार का सामना नहीं किया। कानपुर में 1959 से 1982 तक कुल 11 मुकाबले खेले और एक भी मैच नहीं गंवाया। इन स्टेडियमों पर भारत ने टेस्ट मैच में अपनी बादशाहत कायम रखी। भारत का घरेलू पिचों पर टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। गौरतलब हो कि भारत ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से रौंदा। बता दें कि इस जीत के साथ ही भारत ने सीरीज में 2-0 की अहम बढ़त बनाई। अपने ऐतिहासिक 100वें टेस्ट मैच में चेतेश्वर पुजारा ने विनिंग चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। यह मैच तीसरे दिन के तीसरे सेशन तक भी नहीं पहुंच गया, क्योंकि कंगारू टीम पहले सेशन में 113 रन पर ही सिमट गई थी।



# भारत ने दिल्ली टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकट से रौंदा, यह रहे भारत की जीत के 5 हीरो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से करारी शिक्सत दी। दूसरे टेस्ट मैच में कंगारू बल्लेबाज भारतीय स्पिनर्स के आगे बेबस दिखें। बता दें कि दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम की तरफ से रवींद्र जडेजा और आर अश्विन ने कमाल का प्रदर्शन किया और कंगारू टीम को दूसरी पारी में 113 रनों पर ढेर किया। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया और 6 विकेट से जीत हासिल कर टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली।बता दें कि दूसरे टेस्ट की पहली पारी में रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट चटकाए। उन्होंने इसके साथ ही कोहली के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी की। इसके बाद दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने सात विकेट चटकाए और भारत की जीत में अहम योगदान दिया। पहली पारी में भारतीय टीम ने 139 रन पर ही 7 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन अक्षर पटेल ने रविचंद्रन अश्विन के साथ 114 रन की पार्टनरशिप की और निचले क्रम के साथ मिलकर अहम रन जोड़े और टीम को 262 रनों तक पहुंचाया। उन्होंने पहली पारी में 74 रन बनाए और भारत को लक्ष्य हासिल करने में खास मदद दी। रविचंद्रन अश्विन का नाम इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है जिन्होंने पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 3 विकेट को चटकाए। साथ ही बल्ले से 37 रनों की पारी खेली। अक्षर के साथ शतकीय साझेदारी की फिर दूसरी पारी में ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ और मैट रेनशॉ के अहम विकेट भी निकले। अश्विन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट पूरे करते ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। दिल्ली टेस्ट में विराट कोहली ने पहली पारी में 44 रनों की पारी खेली। इसके बाद दूसरी पारी में महज 8 रन बनाते ही किंग कोहली ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। कोहली ने अपने इंटरनेशनल करियर में 25 हजार रन पूरे किए। कोहली ने सचिन तेंदुलकर के 577 पारियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।



# सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने के लिए आयरलैंड के खिलाफ उतरेगा भारत, जीत दर्ज करने पर होगी निगाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड से पिछले मैच में मिली हार से भारतीय टीम निराश होगी। महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने की दौड़ में बने रहने के लिए उसकी कोशिश वापसी करके सोमवार को कमजोर आयरलैंड के विरुद्ध बड़ी जीत दर्ज करने की होगी। शनिवार को भारतीय टीम को इंग्लैंड से 11 रन से हार मिली जो उसकी टूर्नामेंट में पहली हार थी। भारत तीन मैचों में चार अंक से इंग्लैंड (तीन मैचों में छह अंक) के बाद दूसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम को अब सोमवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में आयरलैंड के विरुद्ध सिर्फ एक जीत की नहीं बल्कि बड़ी जीत की जरूरत होगी, ताकि वह ग्रुप दो से सेमीफाइनल के बचा दूसरा स्थान हासिल कर सके। भारतीय टीम का मौजूदा रन रेट ₹ 0.205 का है, जिसमें उन्हें सुधार करना होगा। पाकिस्तान को शुरुआती मैच में भारत से हार मिली थी, उनके दो मैचों में दो अंक हैं और अगर वे अपने अंतिम दो मैचों में जीत हासिल कर सकते हैं तो उनके पास भी अंतिम चार में जगह बनाने का मौका हो सकता है, लेकिन उनके भी छह अंक होने चाहिए। पाकिस्तान रविवार की रात को वेस्टइंडीज से भिड़ेगा, उसका भारत से बेहतर रन रेट (₹1.542) है, हालांकि उन्हें अभी इंग्लैंड से भिड़ना है जिसका रन रेट ₹1.776 का है। वहीं आयरलैंड सभी तीन मैच हारकर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है।



# 15 साल बाद इंग्लैंड से टेस्ट मैच हारा न्यूजीलैंड, अंग्रेजों ने हासिल की 267 रन से विशाल जीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले टेस्ट में 267 रन की शानदार जीत दर्ज की। इस जीत से इंग्लैंड ने दो मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी शेन वार्न और ग्लेन मैक्ग्रा को पछाड़कर टेस्ट इतिहास में सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए। रविवार को एंडरसन ने स्कॉट कुगलेइजन और टिम साउदी को सत्र की शुरूआत में आउट कर दिया, जबकि अनुभवी खिलाड़ी ने ब्लेयर टिकनर को आउट कर मैच समाप्त कर दिया। इंग्लैंड ने लगभग 15 वर्षों में पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर एक टेस्ट जीता है। रेयान साइडबॉटम की पहली पारी में सात विकेट लेने के कारण माइकल वॉन की टीम ने मार्च 2008 में नेपियर के मैकलीन पार्क में जीत हासिल की थी।गौरतलब हो कि इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी नौ विकेट पर 325 रन पर घोषित कर दी थी। इसके बाद न्यूजीलैंड की पहली पारी को 306 रन पर समेट दिया। इंग्लैंड ने दूसरी पार में 374 रन बनाए और न्यूजीलैंड को 126 रन पर ऑल आउट कर दिया। डैरियल मिचेल ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। एंडरसन और ब्राड ने 4-4 विकेट लिए।





## राशिफल



**मेष-:** आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

**वृष-:** आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-:** आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-:** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

**वृश्चिक-:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-:** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

**मकर-:** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

**मीन-:** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।







# अगर किसी खिलाड़ी में क्षमता है तो वह टीम में रोहित ने ओपनर बल्लेबाज को लेकर कही बड़ी बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में दूसरे टेस्ट में केएल राहुल के खराब फॉर्म के बाद, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने उनका बचाव किया है। राहुल को जगह दी गई है। साथ ही शुभमन गिल को भी। मैच खत्म होने के बाद रोहित ने कहा, राहुल की बल्लेबाजी के बारे में बहुत बात हुई है, लेकिन टीम प्रबंधन के रूप में हम हमेशा किसी भी व्यक्ति की क्षमता को देखते हैं, न कि केवल अतीत में किए गए प्रदर्शन को देखते हैं। यदि उस व्यक्ति में क्षमता है, तो उन्हें एक मौका मिलेगा। उन्होंने आगे कहा, इंग्लैंड में खेलना कभी भी आसान नहीं होता है और उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। यहां तक कि सेंचुरियन में भी शानदार प्रदर्शन था। दोनों प्रदर्शनों के चलते भारत ने दोनों मैच जीते थे। फिर भी उनकी क्षमता के बारे में बात की गई है, लेकिन हमारी तरफ से यह स्पष्ट था कि उन्हें मैदान पर अपना खेल खेलने की जरूरत है। रोहित ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ठबेशक, जब आप इस तरह की पिचों पर खेल रहे हैं, तो आपको रन बनाने का अपना तरीका खोजने की जरूरत है। हम ये नहीं देखते हैं कोई खिलाड़ी के रूप में क्या कर रहा है।ठ कोच राहुल द्रविड़ ने भी राहुल का समर्थन करते हुए कहा, ठराहुल को टीम प्रबंधन से समर्थन मिलता रहेगा।ठ बता दें कि सोशल मीडिया पर राहुल के खराब फॉर्म पर लगातार सवाल उठाने वाले भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने ट्वीट किया कि राहुल को इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए कुछ समय चाहिए, लेकिन उन्होंने आईपीएल 2023 को छोड़ने पर संदेह जताया। जहां वह लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान हैं। पूर्व तेज गेंदबाज ने राहुल की जगह शुभमन गिल और सरफराज को मौका देने की बात कही।



रोहित ने कहा कि अगर किसी खिलाड़ी में क्षमता है, तो वह टीम में लंबे समय तक खेलेंगे। जनवरी 2022 से राहुल ने सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है, जबकि उनका आखिरी टेस्ट शतक दिसंबर 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में, राहुल पहली पारी में 17 रन पर आउट हो गए और दूसरी पारी में सिर्फ एक रन बना पाए। वहीं, नागपुर में सिर्फ 20 रन बना कर आउट हो गए थे। गौरतलब हो कि बीसीसीआई ने तीसरे और चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। इसमें केएल

## युवराज सिंह ने बल्लेबाज के तैयार होने की तुलना गोरिल्ला से की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्टार खिलाड़ी युवराज सिंह के क्रिकेट योगदान को भला कौन भूल सकता है। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद युवराज सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। इस समय उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह बल्लेबाज से तैयार होने की तुलना गोरिल्ला से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्रिकेट फैंस इस वीडियो पर खूब लाइक कमेंट कर रहे हैं। दरअसल, युवराज सिंह ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें एक तरफ वह खुद दिखाई दे रहे तो दूसरी तरफ एक गोरिल्ला है। इस वीडियो में गोरिल्ला जैसा कर रहा है वैसे ही युवराज सिंह भी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। युवराज ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ठजब आप अगली बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हो रहे हों, कमॉन ब्वाय चलो करते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर होते ही फैंस ने कमेंट करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा कि ये युवी और विराट की जोड़ी है। वहीं, एक यूजर ने लिखा कि ये आपका रिश्तेदार लग रहे हैं। तीसरे यूजर ने मजाकिया लहजे में लिखा कि गोरिल्ला आपसे बेहतर बल्लेबाज लग रहा है।

## सम्पादकीय

# निवेशकों को लुभाने की होड़, देश के विभिन्न राज्य निवेश पाने के लिए एक दूसरे से कर रहे प्रतिस्पर्धा

वैश्विक सुस्ती के दौर में जहां दुनिया के विभिन्न देशों में निवेश घट रहा है, वहीं भारत के विभिन्न राज्यों में आयोजित निवेशक सम्मेलनों के माध्यम से निवेश में तेजी का रुख बना हुआ है। हाल में उत्तर प्रदेश इसका साक्षी बना, जहां तीन दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन-यूपीजीआइएस के अंतर्गत निवेशकों से प्राप्त प्रस्ताव सारे रिकार्ड तोड़ते हुए दिखे। राज्य को लक्ष्य से कहीं ज्यादा 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। चूंकि यह लक्ष्य से करीब दोगुना है, इसलिए इसका विशेष महत्व है। इसके पहले इंदौर में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन में मध्य प्रदेश को 15.42 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इससे पहले नवंबर 2022 में कर्नाटक को वैश्विक निवेशक सम्मेलन से 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। हाल के समय में अन्य राज्यों ने भी ऐसे ही निवेश सम्मेलन किए हैं। कुछ राज्य आने वाले दिनों में निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि देश के विभिन्न राज्य निवेश पाने के लिए एक-दूसरे से होड़ कर रहे हैं। यह वह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि तेजी से उद्योगीकरण समय की मांग है। यदि हम यूपीजीआइएस के तहत आए प्रस्तावों को देखें तो यह पाते हैं कि प्रदेश में सबसे ज्यादा निवेश प्रस्ताव उर्जा एवं शिक्षा क्षेत्र में मिले हैं। प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय और कालेज के साथ ही अन्य तरह के शिक्षा संस्थान खोलने के लिए कई प्रस्ताव हैं। आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के तहत बड़े निवेश के भी प्रस्ताव आए हैं। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के साथ-साथ वैकल्पिक एवं गैर पारंपरिक ऊर्जा विभाग को भी तय लक्ष्य से कई गुना के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इस बार के निवेशक सम्मेलन में प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश आया है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तर प्रदेश ही नहीं, दिल्ली सहित देश के अन्य प्रदेशों के युवाओं के लिए भी रोजगार के नए अवसरों के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। दिल्ली के कारोबारियों ने भी अब यूपी में निवेश के लिए दिलचस्पी दिखाई है। श्रमिकों के लिए पहले से लाभप्रद एनसीआर अब और महत्वपूर्ण हो गया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बाद अब यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में भी बड़ी-बड़ी कंपनियों के उत्पादन संयंत्रों में निवेश से रोजगार के अवसर सृजित होंगे। नोएडा और ग्रेटर नोएडा पिछले कई वर्षों से युवाओं को रोजगार मुहैया कराने में आगे रहे हैं। परिवहन कनेक्टिविटी और सुरक्षा सुदृढ़ होने के बाद इसमें और तेजी आई है। स्थिति यह है कि रोजाना बड़ी संख्या में लोग दिल्ली से नोएडा और ग्रेटर नोएडा सिर्फ रोजगार के लिए जाते हैं। भारत में पूंजी निवेश का अर्थ है लोकतंत्र और विश्व के लिए निवेश। यद्यपि यह दुनिया के लिए आर्थिक संकट और युद्ध की परिस्थितियों से जूझने का समय है, लेकिन दुनिया भर के अर्थ विशेषज्ञ, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआइ के लिए भारत को उपयुक्त देश बता रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं कि वर्ष 2021-22 में भारत को रिकार्ड स्तर पर 84 अरब डालर का विदेशी निवेश मिला था। जब पूरी दुनिया में आर्थिक मंदी का माहौल है और विश्व की अर्थव्यवस्था में बड़ी गिरावट है, तब विदेशी निवेशकों द्वारा भारत को एफडीआइ के लिए प्राथमिकता देना भारत के लिए राहत और गर्व की बात है। विभिन्न राज्यों की ओर से निवेश के लिए रेड कारपेट बिछाकर विदेशी निवेशकों को जो हरसंभव प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उसके कारण भी दुनिया का यह मानना है कि भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है। दुनिया को यह संदेश भी जा रहा है कि कई दूसरे देशों की तुलना में भारत में निवेश पर बेहतर रिटर्न है। भारतीय बाजार बढ़ती मांग वाला बाजार है। भारत का स्टाक एक्सचेंज फरवरी 2023 में दुनिया के पांच सबसे बड़े स्टाक एक्सचेंजों में चमकता हुआ दिखाई दे रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार के स्तर पर भारत के पास चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। भारत की आर्थिक विकास दर छह प्रतिशत से अधिक के दायरे में है। देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल क्षमता, आउटसोर्सिंग और देश में बढ़ते हुए मध्य वर्ग की क्रयशक्ति के कारण भी विदेशी निवेश भारत की ओर तेजी से आ रहा है। भारतीय घरेलू बाजार और अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। हाल में प्रस्तुत वर्ष 2023-24 के रणनीतिक और दूरदर्शी बजट के बाद भारत के विभिन्न राज्यों में विदेशी निवेश की संभावनाएं और बढ़ेंगी।

# मां ही निकली अपनी मासूम बच्ची की कातिल

## जिन्दा ही अपनी बेटी को फेंक दी थी कुएं में, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नैनी।** आखिरकार पुलिस ने मासूम साढ़े चार वर्षीय बालिका के कातिल को गिरफ्तार कर रविवार को सलाखों के पीछे भेजने में कामयाब हो ही गई। मां ने ही अपनी मासूम बच्ची को जिंदा रहते हुए घर से महज 15 मीटर की दूरी पर स्थित कुएं में फेंक दी थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। गौरतलब हो कि औद्योगिक क्षेत्र के मवैया गांव निवासी संजय कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय बबऊ राम यादव नैनी के श्री सोमेश्वर नाथ उपकेंद्र में बतौर संविदा लाइनमैन पद पर तैनात हैं। उसकी साढ़े चार वर्षीय बेटी सौम्या में सामान्य पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी। जबकि परिजनों व ग्रामीणों के बीच कई तरह की चर्चाएं उस वक्त व्याप्त थी। पुलिस ने संजय के भाई पवन कुमार यादव के लिखित प्रार्थना पत्र पर फौरी तौर पर औद्योगिक क्षेत्र थाने में इत्फाकिया जीडी पर दर्ज किया गया था। वहीं तीन दिन पूर्व आरोपित पत्नी के पति ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए गुहार लगाया था। तहरीर मिलने के बाद पुलिस फुल एक्शन में आई और पुलिस अपनी जांच का दायरा बढ़ाते किन वजहों से कि वह सारी चीजें पुलिस को बताया। पुलिस भी आरोपित महिला के बयान सुनकर दंग रह गए। पूछताछ के दौरान आरोपित महिला ने पुलिस को बताया कि बीते लगभग ढाई माह पूर्व सुबह के समय ममता सूट पहनकर बर्तन धो रही थी। इसी दौरान पति संजय ने देखा तो उससे कहा कि दुपट्टा पहन लो। जिस पर वह संजय की बात को अनसुना कर दी तो उसने इसकी शिकायत अपनी मां से कर दी। जिस पर ममता यादव इतनी खुन्नस खाई कि वह अपने कमरे में आई और लेट गई। सुबह का समय था और रहते। बताते हैं कि आरोपित महिला ममता यादव उसी दिन लगभग ढाई महीने से अपनी बेटी को मारने के लिए प्लानिंग तैयार कर रही थी। आखिरकार वह 10 फरवरी की रात एक साजिश के पहले जिस कमरे में उसके दोनों देवर पवन और कृष्णा सो रहे थे। बाहर से कुंडी लगा दी और अपनी सगी मासूम बेटी को जिंदा ही कुएं में फेंकने के बाद दबे पांव अपने कमरे में पहुंची और रजाई ओढ़ कर सोने का नाटक करने लगी। इधर जब पवन किसी कार्य हेतु कमरे से बाहर जाने के लिए कोशिश किया तो उसके दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद मिली। आवाज खोजबीन शुरू कर दिए। उसी वक्त कई ग्रामीणों को ममता के ऊपर उस वक्त शक हो गया। जब उसने कहा कि हो सकता है कि कोई जानवर बेटी को उठा ले गया हो। पग पग पर वह बात को बदलती रही और अंत में परिजनों से कही कि कुएं में भी गिर सकती है। जबकि कुएं की ऊंचाई को देखकर ग्रामीणों और परिजनों को यह यकीन नहीं हुआ कि मासूम बेटी इतनी ऊंचाई पर चढ़कर कुएं में छलांग लगा देगी। हालांकि अगले दिन पुलिस ने एसडीआरएफ टीम की मदद से उसी कुएं के अंदर से मासूम बालिका के शव को बाहर पड़ताल के लिए जाती तो वह बड़ी सफाई से सहयोग देने में जुटी हुई थी। पुलिस को उसके हाव-भाव से शक हो गया था। रविवार को पुलिस जब उससे मौत की वजहों के बारे में पूछताछ शुरू की तो उसने वही पुरानी बातों को दोहराना शुरू कर दिया। हालांकि खाकी के आगे ममता यादों की एक न चली और तोते की तरह सारी सच्चाई पुलिस के सामने उगलने लगी। साथी उसके आंखों से आंसू बहने लगे। पुलिस भी हैरान थी कि क्या कोई महिला मामूली विवाद में अपनी ही सगी बेटी को जिंदा कुएं में कैसे फेंक सकती है। आखिरकार कलयुग है,



सरपतहिया स्थित केजी में पढ़ाई करती थी। बीते 10 फरवरी देर रात बेटी का पेट खराब होने पर वह अपनी मां के साथ सो रही थी। परिजनों के मुताबिक उस समय 11:00 और 12:00 बजे देर रात दो बार उसकी मां स्वयं घर के बाहर सोच के लिए ले गई थी। देर रात अचानक सोते हुए मासूम बालिका अपने बिस्तर से संदिग्ध हालत में लापता हो गई। जिसका शव अगले दिन 11 फरवरी सुबह घर के बाहर कुएं से एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर पुलिस को सौंपा था। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट हुए प्रत्येक पहलुओं की बारीकी से जांच करते रहे। पुलिस ने परिजनों के कॉल डिटेल पर केंद्रित हो गई। फिर भी कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पा रहे थे। पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी रही और एक कड़ी से दूसरी कड़ी पर बारीकी से जांच करती रही। रविवार को पुलिस महिला पुलिस कर्मियों को साथ लेकर ममता देवी को गिरफ्तार कर थाने पर उठा लाए। ममता देवी पहले पुलिस को गुमराह करने के लिए भरसक प्रयास की, लेकिन उसकी खाकी के आगे एक न चली और वह तोते की तरह अपना बयान देना शुरू कर दिया। पूछताछ के दौरान उसने अपनी बेटी की हत्या मासूम सौम्या को स्कूल जाने के लिए भी तैयार करना था। जब पति ममता के कमरे में पहुंचा तो वह सिंदूर खाकर लेटी हुई थी। जिससे वह घबरा गया और चार-पांच झापड़ रसीद कर दिया। पत्नी की शिकायत पति ने अपने ससुर से भी कर दी। जबकि दमाद और ससुर के बीच होने वाले बात स्पीकर पर था तो ममता सुन ली। बताते हैं कि ममता के पिता ने कहा कि यदि बेटी ने ऐसा किया है तो गलत है और उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था। मोबाइल कॉल कटने के बाद पत्नी ने अपने पति को धमकी दी कि यदि बेटी ना होती तो हम तुम्हें छोड़ कर चले जाते और तुम्हारे साथ में नहीं सुनने पर उसकी मां ने बाहर से कुंडी को खोला। फिर भोर में लगभग 3:00 बजे ममता यादव गौशाला में सो रहे अपने पति संजय के पास पहुंची और बेटी के लापता होने की जानकारी दी। ममता के दिमाग में क्या चल रहा था यह परिजन नहीं भाप पाए। अंततः 10 फरवरी की रात उसने अपनी बेटी को ले जाकर कुएं में फेंक दी और फिल्मी ड्रामा के तहत भोर 3:00 बजे अपने पति के पास पहुंची और कही की सौम्या मिल नहीं रही है। तब तक कई गांव वालों भी शोरगुल की आवाज सुनकर मौके पर पहुंच चुके थे। परिजन ग्रामीणों के संग मिलकर लापता बालिका की निकाला था। पहले कातिल मां के चेहरे पर नहीं था कोई शिकन, खाकी को देखते ही आंसू बहने लगे (सुनील गिरि) मामूली विवाद में एक कलयुगी मां ने अपनी कोख से जन्मी बेटी को ही मौत के घाट उतार दी। ऐसी कातिल मां की चर्चा क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। क्या ऐसी भी कोई मां होती है जो 9 महीने कोख में बेटी को रखकर जन्म देती है और मामूली विवाद में अपनी बेटी को ही मौत के घाट उतार दे। बताते हैं कि जिस वक्त बेटी का शव बरामद हुआ था। अंतिम संस्कार के बाद ममता यादव के चेहरे पर बेटी की मौत का कोई गम नहीं था। पुलिस जब जांच कुछ भी हो सकता है। सूत्रों पर यदि हम यकीन करें तो ममता का कहना था कि ना रहेगी बांस न बजेगी बांसुरी, वह इस कदर खुन्नस खाई हुई थी कि वह कुछ भी कर सकती थी। कातिल मां की करतूत जब उसके घर वालों ने जाना तो सभी के पैरों तले जमीन खिसक गए। हालांकि पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपित कातिल ममता यादव को सलाखों के पीछे भेज दिए। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे, हेड कांस्टेबल बिट्टू त्रिवेदी, कांस्टेबल सुभाष चंद्र, धर्मेंद्र यादव व महिला कांस्टेबल रेखा देवी और रोली यादव शामिल रही।

# मनौना धाम मे मरीजो को मिल हा है नया जीवन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

संभल - श्री श्याम मंदिर मनौना धाम मे बाबा श्याम का भब्य मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है जो दिसम्वर 2023 तक बनकर तैयार हो जायेगा , जहा हजारो की संख्या मे हर रोज देश भर से श्याम भक्त न्यौछाबर कर दिया है 20 घंटे जागकर श्याम भक्तो को दर्शन , मरीजो को देखना , मंदिर निर्माण का कार्य तथा तोरण द्वार निर्माण कार्य स्वयं देख रहे है , बाबा मनौना धाम मे महंत जी द्वारा प्रतिदिन कोई न कोई चमत्कार जरूर कराते



आकर बाबा श्याम के दर्शन करते है , जहा श्याम भक्तो की मुरादे पुर्ण हो रही है बही मनौना धाम द्वारा सनातन धर्म को योगदान स्वरूप आज भगवान भोलेनाथ के प्रिय महाशिवरात्रि पर्व पर पूज्य महन्त जी महाराज श्री ओमेन्द्र महाराज जी ने श्याम बाबा के आराध्य भगवान शिव के मंदिर की स्थापना का निर्णय लिया है भगवान शिब के भब्य मंदिर का भूमि पूजन आगामी नवरात्रि में किया जाएगा, मंदिर मे विशाल शिवलिंग की स्थापना की जायेगी , महंत जी श्री ओमेन्द्र महाराज बाबा श्याम के साथ भगबान शिव के भक्त है , उन्होंने पूरा जीवन श्याम भक्तो के चेहरे पर खुशी लाने के लिए है 8 दिन पहले वैरीकेटिग मे बच्ची मृत्य हो गयी थी , महंत जी के देखने तथा वाबा से अर्जी लगाने पर बच्ची जीवित हो गयी वही बरेली के कैंसर पीडित श्याम भक्त श्याम जल पीकर सही हो गया , महंत कड़ी तपस्या साधना कर श्याम भक्तो के चेहरे पर खुशी लाने का काम कर रहे , जो मरीजो को देखना , दर्शन कराना , श्याम जल प्रदान करना ,सव निःशुल्क है यहां तक 28 वीघा पार्किग बहानो के लिए निःशुल्क है । हिंदुस्तान मे सवसे ज्यादा चर्चा मनौना धाम जीवन धाम की हो रही है जहा हारे लोगो को सहारा तथा जीवन मिल रहा है ।

# दी जर्नलिस्ट विलफेयर एसोसिएशन









## संक्षिप्त समाचार

### शरद पवार ने शिवसेना विवाद से बनाई दूरियां, बोले- मैं इन सब में नहीं पड़ना चाहता

(आधुनिक समाचार सेवा)
**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने शिवसेना विवाद से दूरियां बनाते हुए रविवार को साफ कर दिया कि वो इस विवाद में नहीं पड़ना चाहते हैं। शरद पवार ने पुणे के बारामती शहर में एक संवाददाता के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं एकनाथ शिंदे को दिए गए नाम और प्रतीक चिह्न के विवाद में नहीं पड़ना चाहता हूं। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को शिवसेना विवाद को लेकर अपना फैसला



सुनाया था। इस दौरान चुनाव आयोग ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का नाम 'शिवसेना' और चुनाव चिह्न 'धनुष-तीर' रखने की अनुमति दी। चुनाव आयोग के इस फैसले के बाद एक बार फिर से एकनाथ शिंदे गुट और उद्धव ठाकरे गुट आमने-सामने नजर आया। शरद पवार ने रविवार को कहा कि मैं एकनाथ शिंदे को दिए गए नाम और प्रतीक चिह्न के विवाद में नहीं पड़ना चाहता। मैं पहले ही अपना स्पष्टीकरण दे चुका हूं। इसी बीच अमित शाह की पुणे यात्रा से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा नेता यहां पर सहकार महा कॉन्क्लेव के लिए आए थे। शरद पवार ने शनिवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे को नसीहत देते हुए कहा था कि इसका कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। लोग नए प्रतीक को स्वीकार कर लेंगे। उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग के फैसले को स्वीकार करें और नया चिह्न लें। बता दें कि चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे को राज्य विधानसभा उपचुनाव के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले नाम शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और चुनाव चिह्न 'मशाल' को बरकरार रखने की अनुमति दी है। जिसके बाद उद्धव ठाकरे का बयान सामने आया था।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर 110 में चल रही है अवैध वसूली

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सेक्टर 110 के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अवैध वसूली धड़ल्ले से चल रही है। फिर भी प्रशासन



मौन दिख रहा है। सेक्टर 110 में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांवों की ग़रीब जनता के निशुल्क उपचार हेतु बनाया गया था। जिससे गरीब मजदूर पैसे के अभाव में भी अपनी दवा करा सके। लेकिन ऐसा लगता है कि यह महज कागजों में ही सीमित रह गया है। यहां पर विशेष रूप से गांव की अशिक्षित और कमजोर वर्ग के लोग ही दवा कराने आते हैं। इसी कारण यहां पर नियुक्त आशा अपनी जेब भरने के लिए भोली भाली जनता का जेब काटने में कोई कोर कसर नहीं रही है। विशेष रूप से महिलाओं को और ऐसी महिलाओं को जो गर्भवती हैं उनको टीका से लेकर डिलीवरी होने तक उनका शोषण होता है। हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल ने आज सेक्टर 110 के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंच कर कुछ महिलाओं से इस बावत जानकारी लेनी चाही तो महिलाएं डरी हुई थी और कह रही थी कि हमें तो हरदम यही पर दवा के लिए आना है तो हम शिकायत नहीं कर सकते हैं और कहा कि हमें तो इतने में ही संतोष है कि प्राइवेट अस्पताल से तो कम पैसे लगते हैं।और घर के नजदीक भी है। उसी भीड़ से एक महिला ने अपना नाम छापने से मना करते हुए कहा कि यहां पर डाक्टर खुद पैसे नहीं मांगते हैं जो यहां पर आशा में महिलाओं की नियुक्ति हुई है वे डाक्टर के नाम से हर एक काम के लिए पैसे वसूलती हैं।और इस घटना चक्र का खेल यहां पर बहुत दिनों से चल रहा है।जिसको सुनने के लिए इस विभाग में कोई माई वाप नहीं है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ चाहे जितनी कमर कस लें कुछ दिख नहीं रहा है। अधिकारी सब कान में तेल डालकर बैठे हैं इन सभी का है राम रखवार ।

# जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च और ग्रेटर नोएडा के वैश्विक मानव संसाधन एवं संगठन विकास केंद्र ने उत्पादकता सप्ताह मनाया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में भारत सरकार के राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद उद्योग (वाणिज्य मंत्रालय), ग्लोबल ह्यूमन रिसोर्स एंड आर्गेनाइजेशन डेवलपमेंट सेंटर ओ डी स्किल्स डेवलपमेंट अकादमी, सस्टेनेबिलिटी सेल जीएलबीआई एमएमआर और ग्रेटर नोएडा उत्पादकता परिषद के सहयोग से ठउत्पादकता हरित विकास और स्थिरता विषय पर एक दिवसीय इंटर-कॉलेज वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। ग्रेटर नोएडा उत्पादकता परिषद के निदेशक डॉ.आर.डी. मिश्रा मुख्य अथिति रहे। उन्होंनें प्रतिभागीयों को संबोधित करते हुए कहा कि हरित विकास एक आर्थिक विकास है जो पर्यावरण की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है और इसमें की गयी पहलों और उद्देश्यों के लिये हरित अर्थव्यवस्था के मुद्दों को संबोधित करना बहुत जरूरी है। जीएलबीआईएमआर के प्रोफेसर और ओडीएसडीए निदेशक डॉ. वी. एन. श्रीवास्तव ने प्रतिष्ठित पैनलिस्टों का परिचय देकर उत्पादकता, हरित विकास स्थिरता और चुनौतियों के विविध दृष्टिकोणों को सामने लाकर उत्पादकता सप्ताह समारोह के मैक्रो, माइक्रो जैसे मुद्दो और लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। बायोमास हैं जो स्थिरता के लिए जाने जाते हैं। सेंट स्टीफंस अस्पताल नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. आमोद कुमार ने कहा कि हरित विकास सतत विकास के लिए एक




राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के (प्रशासन) निदेशक अमिताव रे ने हरित ऊर्जा को एक नवीकरणीय ऊर्जा के रूप में संदर्भित किया। उन्होंने उल्लेख किया जीवाश्म ईंधन के विपरीत सीमित संसाधन हैं जो अंततः समाप्त हो जाएंगे और हरित ऊर्जा स्रोत टिकाऊ होते हैं और पर्यावरण पर बहुत कम प्रभाव डालते हैं हरित ऊर्जा के विभिन्न स्रोत सौर, पवन, पनबिजली, भूतापीय, असाधारण रणनीति है जो पर्यावरणीय मुद्दों और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से निपटने के लिए एक मार्ग प्रदान करता है। एसोचैम के वरिष्ठ सलाहकार पिनाकी दासगुप्ता ने कहा कि मानवता के अस्तित्व के बाद से लगभग 1000 वर्षों से स्थिरता का अभ्यास किया गया है और यह न केवल पर्यावरण से संबंधित है बल्कि इसमें आर्थिक और सामाजिक कोणों से संबंधित मुद्दे और चुनौतियां भी शामिल हैं और स्थिरता की संस्कृति को संस्थागत बनाने और विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है। जीएलबीआईएमआर के सेंटर ऑफ सस्टेनेबिलिटी की प्रमुख डॉ. सुचिता सिंह ने ऊर्जा की खपत और कार्बन उत्सर्जन के संयुक्त प्रभावों को समझने की तत्काल आवश्यकता की ओर इशारा किया जो कई देशों में हरित विकास को खराब करता है और कहा कि उच्च-जीडीपी वाले देशों के नीति निर्माताओं को अपनी आर्थिक और पर्यावरणीय गतिविधियों का प्रबंधन करना चाहिए। प्रतियोगिता में जीएलबीआईएमआर संकाय के छात्रों के साथ-साथ 300 से अधिक विद्वानों ने आर्थिक विकास, वित्त प्रबंधन, जनसंख्या समस्या और जलवायु परिवर्तन विषयों पर पैनल चर्चा की। बारह छात्रों ने प्रतियोगिता फाईनल राउँड में जगह बनायी जिसमें से 3 प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कारों के वितरण और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ उत्पादकता सप्ताह समारोह का समापन किया गया।

# कांग्रेस के बिना विपक्ष का कोई भी गठबंधन सफल नहीं हो सकता जयराम रमेश ने ऐसा क्यों कहा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि उसके बिना कोई भी गठबंधन विफल हो जाएगा। अगर फिर भी विपक्ष का कोई भी गठबंधन होता है तो वह सफल नहीं होगा।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी के महाधिवेशन में राज्यों में गठबंधन के साथ-साथ 2024 में होने वाले आम चुनाव पर चर्चा होगी। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, ठकांग्रेस के बिना कोई विपक्षी गठबंधन नहीं हो सकता है और कांग्रेस के बिना कोई भी गठबंधन विफल हो जाएगा, लेकिन पूर्ण सत्र में कांग्रेस चुनाव पूर्व गठबंधन और चुनाव बाद गठबंधन दोनों पर चर्चा करेगी।ठ रमेश ने कहा कि यह झूठा प्रचार है कि कांग्रेस गठबंधन के विचार के खिलाफ है। हम केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार और पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में गठबंधन में हैं।ठ उन्होंने कहा कि कांग्रेस समान विचारधारा वाली पार्टियों को साथ लेने की कोशिश कर रही है और बजट सत्र में विपक्ष ने संयुक्त रूप से कुछ को छोड़कर अडानी हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जेपीसी की मांग की। जयराम ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान का भी स्वागत किया कि कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी को बिना किसी देरी के विपक्षी एकता पर फैसला लेना चाहिए। कुमार ने कहा, ''अगर कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल मिलकर चुनाव लड़ें तो अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 100 से कम सीटें मिलेंगी।'' बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा, बिहार में महागठबंधन सरकार बनने के तुरंत बाद मैंने राहुल गांधी और सोनिया गांधी से मुलाकात की। अब मैं विपक्षी एकता पर कांग्रेस के फैसले का इंतजार कर रहा हूं।

# ज़ी एल बजाज इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने ठमैकेनिकल इंजीनियरिंग में कम्प्यूटेशनल और प्रायोगिक विधियों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझा किये। सम्मेलन में 1000 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हुए जिनमें से गहन समीक्षा के बाद कुल 347 पेपर स्वीकार किए गए। आईआईटी कानपुर के पूर्व प्रोफेसर वी0 के0 जैन, आईआईटी दिल्ली के प्रो0 कृष्ण




का आयोजन किया। उच्च शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के माननीय अध्यक्ष प्रो0 डॉ0 गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पलवल के डीन डॉ0 सुरेश कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। सम्मेलन के संरक्षक और जीएल बजाज कॉलेज के निदेशक डॉ0 मानस कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया और संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। इस सम्मलेन में देश-विदेश के लगभग 200 अकादमिक विद्वानों ने भाग लेकर कम्प्यूटेशनल और प्रायोगिक विधियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। दिन के दूसरे सत्र में बीएनयूटी ईरान के प्रो0 मुस्तफा रहीम नेजाद मुख्य वक्ता थे उन्होंने सभी कांत अग्रवाल, प्रो0 अंजन रे, एनआईटी दिल्ली के प्रो0 हरीश कुमार और आईसीईएमएमई-2023 के संयोजक डॉ0 विनोद कुमार यादव ने उद्घाटन एवं समापन सत्र में सम्मेलन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जीएल बजाज शैक्षिक समूह के माननीय उपाध्यक्ष डॉ0 पंकज अग्रवाल ने सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। इस दौरान बीआईईटी झांसी के निदेशक पीएम पांडे, डीटीयू के डिजाइन विभाग में एचओडी प्रोफेसर रंगनाथ एम सिंगारी, एनआईटी-श्रीनगर के पूर्व प्रोफेसर डॉ0 एस.एन. पंडित, यूपी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन नोएडा के निदेशक डॉ0 प्रवीण पचौरी और आईआईटी दिल्ली में एमई विभाग के एचओडी प्रोफेसर एम.आर. रवि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रेहड़ी पटरी वालों ने सीटू के बैनर तले नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन अनिश्चितकालीन धरना जारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** प्राधिकरण के अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा नियम कानूनों को ताक पर रखकर मनमानी पूर्ण तरीके से रेहड़ी पटरी दुकानदारों को रोजगार करने से रोकने, उन्हें लाईसेंस निरस्त किया गया है उसे बहाल करने, जिन वेन्डर्स ने वेन्डिंग जोन बदलवाने के लिए आवेदन दिया हुआ है, उसका निस्तारण करने, पथ विक्रेताओं के सभी संगठनों एसोसिएशनों/यूनियनों से सहयोग का वादा किया। प्रदर्शन को जनवादी महिला समिति की नेता रेखा चौहान, चंदा बेगम, गुड़िया देवी ने भी संबोधित किया सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत शर्मा, टीवीसी सदस्य व यूनियन की



हटाने/ भगाने, उनका सामान तोड़ने फोड़ने व जप्त करने के विरोध में 20 फरवरी को पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में वेंडर्स ने नोएडा प्राधिकरण कार्यालय सेक्टर- 6, पर जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व सीईओ महोदया को सम्बोधित ज्ञापन में जिन वेन्डर्स का अभी तक सत्यापन नहीं हुआ है उनका मौके पर जाकर सर्वे/ सत्यापन कर उनके कार्य स्थल के समीप वेन्डिंग जोन बनाकर जगह उपलब्ध कराने तथा जिन वेन्डर्स का सत्यापन हो गया है उनका ड्रा करने, जो वेन्डिंग जोन गलत जगह पर बनाये गये हैं उन्हें वेन्डर्स की सहमति से ऐसी जगह शिफ्ट करने जहां उनका कार्य चल सके। वर्तमान किराया राशि को कम कर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बराबर राशि तय करने तथा कोविड-19 से प्रभावित वर्ष 2020-2021 का किराया माफ करने, जिन वेन्डर्स का गलत तरीके से बिना नोटिस/सूचना दिये एक-एक प्रतिनिधि को लेकर नगर पथ विक्रय समिति का स्थायी रूप से गठन करने तथा टी0वी0सी0 कमेटी को सभी अधिकार देने, जिन वेंडर्स की रेहड़ी व समान प्राधिकरण कर्मियों द्वारा जप्त किया गया है उसे निशुल्क वापस करने, जुर्माना राशि 50,000 से घटाकर अधिकतम ?2000 तक करने आदि मांगे की गई है। दिए गए ज्ञापन पर प्राधिकरण के ओएसडी श्री इंदु प्रकाश जी ने यूनियन प्रतिनिधियों को बुलाकर वार्ता किया और मौखिक रूप से समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन दिया लेकिन प्रदर्शनकारी लिखित आश्वासन की मांग करते रहे और वार्ता विफल हो गई। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू दिल्ली-एनसीआर राज्य अध्यक्ष कामरेड वीरेंद्र गौड़ और रेहड़ी पटरी यूनियन दिल्ली प्रदेश महामंत्री कॉमरेड मोहम्मद शकील ने पथ विक्रेता अधिनियम का उल्लंघन कर प्राधिकरण द्वारा वैंडर्स के उत्पीड़न करने की कार्रवाई की कड़ी निंदा किया और पथ विक्रेताओं की मांगों/ आंदोलन का सीटू की तरफ से पूरा समर्थन व अध्यक्ष पूनम देवी, मंजू देवी रामेश्वर स्वामी, मोती, हरी गुप्ता,सीटू जिला नेता रामसागर, भीखू प्रसाद, राम स्वारथ आदि ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण पथ विक्रेता अधिनियम के तहत व्यवस्थित करने बजाय वेंडर्स के रोजगार पर हमला व उन्हें हटाने/भगाने, उनका सामान तोड़ने- फोडने , सामान व रेहड़ी को जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है। जिससे वेन्डर्स का उत्पीड़न बढ़ा है और उनके समक्ष जीविका चलाने का संकट उत्पन्न हो रहा है। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उत्पीड़न की कार्रवाई नहीं रुकी और हमारी समस्याओं का समाधान करने का नोएडा प्राधिकरण द्वारा लिखित आश्वासन नहीं दिया जाएगा तब तक प्राधिकरण के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। और 21 फरवरी को 11:00 बजे फिर नोएडा प्राधिकरण धरना प्रदर्शन के लिए पहुंचेंगे।

# नोएडा में वैदिक पद्धति से होगा होलिका दहन गाय के गोबर से बने उपलों से होगा होलिका दहन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** में वैदिक पद्धति से होलिका दहन करने के लिए श्रीजी गोसदन में पचास हजार उपले बन रहे हैं। बीएचपी के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने आयुर्वैदिक चिकित्सा को समर्पित इम्यूनिटी क्लीनिक में इस अभियान का लोकार्पण किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय वित्त मंत्री महेश बाबू गुप्ता, भारतीय धरोहर, बुरांस साहित्य एवं कला केंद्र और लोकभारती की संयुक्त बैठक में निर्णय हुआ था कि नोएडा में वर्ष 2023 का होलिका दहन गाय के गोबर के बने उपलों से हो। बैठक में यह प्रस्ताव भी आया कि इस बार हानिकारक रासायनिक रंगों के बजाय प्राकृतिक रंगों और गुलाल से होली खेली जाये। नगर की अनेक सामाजिक संस्थाओं जैसे मंगलमय परिवार,




लोकभारती के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख कुंवर नीरज सिंह,बुरांस साहित्य एवं कला केन्द्र के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वेदवाल, डा. नरेश शर्मा, अध्यक्ष कामधेनु ट्रस्ट, एन. के. अग्रवाल,अध्यक्ष श्रीजी गोसदन, प्रमोद शर्मा कोषाध्यक्ष, मंगलमय परिवार और प्रवीण शर्मा, संपादक भारतीय धरोहर, उमानंदन कौशिक, मनीष गुप्ता(मौलिक भारत सचिव दिल्ली एन.सी.आर ), हर्ष कंसल,विकास पवार, छाया सिंह, अनिल चतुर्वेदी और पंकज त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले श्रीजी गोसदन, भारत विकास परिषद ,और कामधेनु ट्रस्ट ने इस कार्य को एक अभियान के रूप में सब सेक्टरों की होलिका दहन समितियों तक ले जाने का निर्णय किया। फोनरवा और मौलिक भारत व भारतीय पर्व आयोजन समिति से भी इस अभियान में सहभागी होने की सहमति मिल गई है।
इस कल्पना को साकार करने के लिये श्री एन. के. अग्रवाल जी ने सैक्टर 94 स्थित गोशाला में उपलों का निर्माण आरंभ भी करवा दिया है ताकि कोई भी होलिका दहन आयोजन समिति वहां से उपले प्राप्त कर सके। ज्ञात हो कि सरसों और गेंहू की फसल से उत्पन्न जो कीट दमा आदि अनेक रोगों का कारण हैं वह होलिका दहन में गोमय के प्रयोग से नष्ट हो जाते हैं। इस अवसर पर भारतीय धरोहर के संपादकीय सहयोगी श्री बृजेश मिश्र ने बताया कि हल्दी में बेसन को दोगुनी मात्रा में मिलाकर सूखा पीला रंग बनाया जा सकता है। 1 लीटर पानी में दो चम्मच हल्दी उबालकर ठंडा कर लें और गीला पीला रंग बनायें। लाल रंग बनाने के लिये दो चम्मच रक्त चंदन को 1 लीटर पानी में उबालकर ठंडा कर लें। केसरिया रंग बनाने के लिये उज्जैन चंदन को किसी भी पूजा की सामग्री की अच्छी दुकान से खरीद कर पानी के साथ घिस कर होली का सुगंधित केसरिया तिलक बना सकते हैं और यदि किसी को सुगंधित पानी से निहलाना हो तो इसके लिये एक लीटर पानी में एक चम्मच उज्जैन चंदन मिलायें। सूखा हरा रंग बनाने के लिए मेहंदी पाउडर को गेंहू के आटे या मैदे के साथ बराबर मात्रा में मिलाकर उपयोग करें। गीला हरा रंग बनाने के लिये दो चम्मच मेहंदी पाउडर को एक लीटर पानी में रात भर पड़ा रहने दें और सुबह छान कर प्रयोग करें। पांच चम्मच नील को दस लीटर पानी में घोल कर नीला रंग प्राप्त करें। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य और पूर्व प्रधानाचार्य आयुर्वेद एवं यूनानी तिबिया कॉलेज दिल्ली प्रो. बी. एन. सिन्हा का कहना है कि होली का पर्व बसंत ऋतु में आता है यह कफ के प्रकोप का काल है स्वाभाविक रूप से सुस्ती और आलस्य रहता है होली खेल कर हम अपने शरीर और मन को स्फूर्ति से भर देते हैं। साथ ही साथ इस पर्व पर गरिष्ठ भोजन के सेवन से बचना चाहिये।

# भारतीय कुर्मी महासभा के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** भारतीय कुर्मी महासभा गौतमबुद्ध नगरठ के द्वारा भारत की एकता एवं अखंडता के प्रहरी, शौर्य और साहस के प्रतीक महाराजा छत्रपति शिवाजी महाराज जी? की जयंती ठदीपोत्सवठके रूप में मनाई गयी एवं इस शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का



आयोजन किया गया और ऐसे महापुरुष को पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण अर्पित करके उनके समाज के प्रति दिए गये सराहनीय योगदान को याद किया गया भारतीय कुर्मी महासभा के जिलाध्यक्ष गौरव पटेल ने बताया कि शिवाजी भोंसले, जिन्हें दुनिया छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम से जानती है। वह एक ऐसे महान योद्धा थे, जो अपने जीवन में बहुत पहले ही युद्ध के लिए तैयार हो गए थे और उन्होंने कई युद्ध लड़े थे। वह एक भारतीय योद्धा और मराठा वंश के सदस्य थे, उनका उत्कृष्ट नेतृत्व और समाज कल्याण पर जोर पीढ़ियों से लोगों को प्रेरणा देता रहा है। जब सच्चाई और न्याय के मूल्यों के लिए खड़े होने की बात आयी, तो वे हमेशा अडिग रहे। हम उनकी दृष्टि को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिला उपाध्यक्ष विकास कटियार ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज को एक कुशल और महान युद्ध रणनीतिकार के रूप में भी जाना जाता है। शिवाजी के जीवन पर माता जीजाबाई के संस्कारों का प्रभाव था, उनकी प्रेरणा और शिक्षा ने उनको एक वीर, कुशल एवं चतुर शासक बनाया था। जिला मंत्री रोहित सचान ने बताया कि वे छापामार युद्ध की कला में पारंगत थे. उनकी सूझबूझ और कुशल रणनीति का मुगल भी लोहा मानते थे. शिवाजी ने अपने इन्हीं गुणों के दम पर मराठा साम्राज्य की नींव रखी थी। वे एक ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व थे, जो आज भी और हमेशा अपने विचारों से नई पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। इस दौरान भारतीय कुर्मी महासभा गौतमबुद्ध नगर के पदाधिकारीगण, मृगांक कुमार, अंशुल गंगवार, अनुराग कटियार, मनोज कटियार, प्रवीण गंगवार, विजय सिन्हा, अंकित सचान, आदि लोग उपस्थित रहे।

# साइकिल स्टेशन पर प्राधिकरण ने खर्च किये एक करोड़ , धरातल पर जाने कब उतरेगी - रंजन तोमर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** प्राधिकरण की महत्वकांक्षी साइकिल योजना अब तक धरातल पर नहीं उतरी है , इसके लिए शहर तोमर ने एक आरटीआई के माध्यम से इन स्टेशनों की संख्या और उनपर आये खर्च की जानकारी नॉएडा प्राधिकरण से मांगी थी ,




में जगह जगह साइकिल डॉकिंग स्टेशन बनाये गए हैं , जिनकी स्तिथि भी ख़राब होने लगी है , कई वर्ष पूर्व आयी यह योजना हर बार नई तारीख को टाल दी जाती है , ऐसे में जनता की मेहनत की कमाई से बने यह स्टेशन कई सवाल पूछते नज़र आते हैं , ऐसे में समाजसेवी एवं नोवरा अध्यक्ष रंजन इसके जवाब में प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक ने जानकारी दी है की नॉएडा क्षेत्र में कुल 62 स्थानों पर इ साइकिल डॉकिंग स्टेशनों का निर्माण किया गया है ,जिसमें कुल 1 ,03 ,05 ,202 रुपए का व्यय हुआ है , आगे प्राधिकरण कहता है की इनके सञ्चालन हेतु संस्था का चयन भी हो चुका है , किन्तु उसकी कोई भी तारीख इसमें नहीं लिखी गई। ऐसे में कई सवाल उठते हैं की पिछले कई वर्षों से यह योजना आजतक धरातल पर क्यों नहीं आई , एक करोड़ से ज़्यादा रुपए लगने के बाद भी कोई ठोस नीति अबतक क्यों जनता की जानकारी में नहीं आई है , और पिछले कई वर्षों से बने हुए स्टेशन क्या जर्जर नहीं हो चुके होंगे , यदि नहीं भी तो क्या उन्हें अब फिरसे दुरुस्त करने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी , पब्लिक ट्रांसपोर्ट जिसमें बस और साइकिल जैसे पर्यावरण अनुकूल तरीके हैं , के प्रति प्राधिकरण की उदासीनता दुखी करती है , ऐसे में श्री रंजन तोमर द्वारा सीईओ महोदया एवं अन्य सक्षम अधिकारीयों समेत विधायक से जल्द से जल्द इस योजना को धरातल पर लाने को लिखा जाएगा।

# प्रियंका चाहर चौधरी को ऑफर हुई है शाह रुख खान की डंकी बिग बॉस 16 कंटेस्टेंट ने बताया क्या है सच्चाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 के बाद से ही प्रियंका चाहर चौधरी पॉपुलैरिटी के आसमान पर है। उन्हें





टीवी सीरियल उड़ारियां से लोग जानते थे लेकिन सलमान खान की हर वीकेंड मिलने वाली डांट ने उन्हें घर-घर में मशहूर कर दिया। बीबी 16 की ट्रॉफी भले ही प्रियंका को ना मिली हो लेकिन उनके खाते में टीवी और बॉलीवुड के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स आने की खबरें आम हैं। प्रियंका के बिग बॉस से निकले से पहले ही खबर आई कि उन्हें शाह रुख खान की डंकी ऑफर हुई है। एक्ट्रेस ने अब इसपर अपना रिएक्शन दिया है। जब से सलमान खान ने घोषणा की कि उनके पास प्रियंका चाहर चौधरी के लिए कुछ बाहर है तब से एंटरटेनमेंट न्यूज में बवाल मच गया है। और तभी से चर्चा थी कि प्रियंका को राजकुमार हिरानी की निर्देशित शाह रुख खान और तापसी पन्नू स्टारर डंकी में एक रोल ऑफर हुआ है। जब फिनाले की रात वो बीबी हाउस से बाहर आईं तो प्रियंका से उसी के बारे में पूछा गया, लेकिन उन्होंने कहा कि इसके बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं है। हाल ही में, प्रियंका ने फिर से डंकी की पेशकश की खबरों को लेकर अपना रिएक्शन दिया है। टेली चक्कर के साथ बातचीत के दौरान, प्रियंका ने खुलासा किया कि यह उनके लिए भी चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा किया कि उन्हें मेकर्स की तरफ से अभी किसी भी तरफ का ऑफर नहीं आया है। हालांकि, प्रियंका ने कहा कि वो सच में चाहती हैं कि ऐसा हो। एक्ट्रेस आगे कहती हैं, 'मैं इस पर कुछ कन्फर्मेशन का इंतजार कर रही हूं।' प्रियंका ने हाल ही में कंफर्म किया कि उनके अंकित के फैंस उन्हें जल्द ही एक साथ देख सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो प्रियंका और अंकित एक म्यूजिक वीडियो में साथ नजर आएंगे। प्रियांकित को एक बार फिर साथ देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, जब सलमान ने कहा कि उनके पास उनके लिए कुछ है, तो हो सकता है कि उनकी अगली फिल्म में उनकी कोई रोल हो। अब हकीकत क्या है ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# रोहित शेट्टी के सामने निकलेगी इस बिग बॉस फाइनलिस्ट की चीखें, पहला खिलाड़ी हुआ कंफर्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी अपना स्टंट रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी का 13वां सीजन लेकर



जल्द ही आने वाले हैं। खबर है कि इस बार उनके शो में बिग बॉस 16 के भी कुछ कंटेस्टेंट नजर आएंगे। अर्चना गौतम ने तो पहले ही इसके लिए हां बोल दिया है। एक और कंटेस्टेंट हैं जो खतरनाक स्टंट करता नजर आएगा। वो कोई और नहीं, बल्कि बिग बॉस में अर्चना के कट्टर दुश्मन रह चुके शिव ठाकरे हैं बिग बॉस 16 में भले ही शिव ठाकरे को ट्रॉफी मिलते-मिलते रह गई हो, लेकिन घर से बाहर आने के बाद उनकी फैन फॉलोइंग में गजब का इजाफा हुआ है। वो जहां भी जाते हैं लोग उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। शिव को लेकर खबर आई है कि वो जल्द ही कंगना रनोट के शो लॉक अप के सीजन 2 में नजर आने वाले हैं। अब इसे लेकर इन्होंने खुद बड़ा खुलासा किया है। हाल ही में शिव ठाकरे ने अपने इंस्टाग्राम पेज से पहला लाइव किया। इस दौरान उन्होंने अपने फैंस के सारे सवालों का जवाब दिए और साथ ही खुलासा किया कि उनके हाथ कौन से बड़े प्रोजेक्ट्स आने वाले हैं। एक फैन ने जब पूछा कि आप अब हमें कहां दिखाई देंगे। तो शिव ने साफ कहा कि मैं जल्द ही रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 13 में नजर आने वाला हूं। उन्हें इशारों में बताया कि उनके हाथ एक फिल्म भी लगी है और कुछ म्यूजिक वीडियो भी उनके पास आए हैं। बिग बॉस 16 में भी कई बार शिव ने खतरों का खिलाड़ी की इच्छा जाहिर की थी और रोहित शेट्टी जब घर में ऑडिशन लेने आए थे तो उनका प्रदर्शन भी अच्छा ही रहा था। शो में शिव के अलावा भी 5 नाम और सामने आए हैं। इसके अलावा शिव और निमृत एक रोमांटिक म्यूजिक वीडियो आने की भी चर्चे तेज है।

# वीकेंड पर भी नहीं चली कार्तिक की 'शहजादा', संडे को कमाए सिर्फ इतने रुपये

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन को शाह रुख खान के बाद रोमांस का किंग कहा जाने लगा है। भूल भुलैया 2 हिट क्या हुई, कार्तिक के सितारे




बुलंदियों पर पहुंच गए। अब लगता है कि 'शहजादा' उनके लिए बुरा सपना बनने वाली है। तीन दिनों में ये फिल्म, अपने बजट के सामने मुट्ठी भर ही कमाई कर पाई है। पहले वीकेंड पर मिली इस निराशा के बाद अब सोमवार को शहजादा कैसा प्रदर्शन करेगी ये देखना दिलचस्प होगा। कार्तिक आर्यन की शहजादा ने किया निराश इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है कार्तिक आर्यन की शहजादा, इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं क्योंकि जिस तेलुगु फिल्म का ये हिंदी रीमेक है वो 'अला वैकुण्ठपुरामुलू', बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। तमाम कोशिशों के बाद भी कार्तिक की फिल्म को रफ्तार नहीं मिल पाई और संडे को भी दर्शकों के बीच इसे लेकर रिस्पॉन्स ठंडा ही रहा। पहले दिन 6 करोड़ से खाता खोलने वाली शहजादा को तीन दिन बाद भी सिनेमाघरों से कोई खास अच्छी खबर नहीं मिली है।देसी बॉयज और ढिशूम जैसी फिल्में बना चुके रोहित धवन से एक मास एंटरटेनर की उम्मीद की जी रही थी, लेकिन उन्होंने भी निराश ही किया। शनिवार को शहजादा ने बॉक्स ऑफिस पर मात्र 6.65 करोड़ ही कमाए। इन दोनों दिनों को मिला कर भी इसकी कमाई भूल भुलैया 2 के ओपनिंग कलेक्शन से आगे नहीं निकल पाई। असली मायूसी तो संडे को हुई जब फिल्म ने कुछ ग्रोथ तो दिखाई, लेकिन ये सिर्फ 7.50 करोड़ तक ही पहुंच पाई। शहजादा ने तीन दिनों में 19.95 करोड़ का कलेक्शन कर लिया। जबकि कार्तिक की ही भूल भुलैया 2 ने तीन दिनों में 55.96 करोड़ का कलेक्शन किया था। इन्हें कड़ी टक्कर मिल रही है हॉलीवुड की फिल्म एंट मैन 3 और शाह रुख खान की पठान से। इस फिल्म से कार्तिक ने बतौर प्रोड्यूसर भी डेब्यू किया है, ऐसे में ये जो भी नुकसान है उनके खाते में भी जाएगा।

# छतरीवाली एक्ट्रेस प्राची शाह ने कहा बॉलीवुड को बरकरार रखनी चाहिए कथक की शुद्धता, विदेश में है इस कला की कद्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** कई लोग अभिनय की पूरी पढ़ाई करके इस क्षेत्र में उतरते हैं, वहीं कई कलाकार ऐसे भी हैं, जो अपने अनुभवों से सीखते हैं। लगभग 23 वर्ष से टीवी और फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा रहीं प्राची शाह भी उन्हीं कलाकारों में शामिल हैं। हाल ही में फिल्म 'छतरीवाली' में पहले तक मुझे पता नहीं था कि मैं अभिनय भी कर सकती हूं। अभिनय को लेकर कोई कार्यशाला करने का भी समय नहीं मिला। काम ही मेरा अनुभव और कार्यशाला बनता गया। किसी भी तरह का औपचारिक प्रशिक्षण मदद तो करता ही है। फिर आप उस कौशल को कितना आगे बढ़ाते हैं, अच्छे के लिए हो रहा है। विदेश में कथक परफार्म करने के अनुभवों को साझा करते हुए प्राची कहती हैं,'वहां कला की काफी कद्र की जाती है। कई बार हम भारतीय भूल जाते हैं कि हमारी संस्कृति नृत्य कला में कितनी समृद्ध है। विदेश में मैंने देखा है कि लोगों में इसे सीखने की चाह है। मैं भी इसे अपनी जिम्मेदारी मानती



अहम भूमिका में दिखीं प्राची कथक नृत्यांगना भी हैं। वह देश-विदेश में कथक परफार्म भी करती हैं। वह कहती है, 'कथक मेरे अभिनय में एक महत्वपूर्ण भूमिका में रहा है। मैंने अभिनय का प्रशिक्षण नहीं लिया है। जैसे-जैसे बड़ी होती गई, नृत्य की वजह से अभिनय की तरफ नजरिया बदलता गया, मेरी अभिनय कला में निखार आया। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से वह आपकी प्रतिभा पर निर्भर करता है। अनुभव और डांस मेरे लिए इस पेशे में प्लस प्वांइट रहा है। लोगों से मिलते-जुलते, दूसरे कलाकारों की तैयारी देखते हुए मैं सीखती चली गई। फिल्म में वरिष्ठ कलाकारों के साथ काम करने पर पता चलता है कि अभिनय में यह आयाम भी हो सकता है। मुझे अच्छा काम मिल रहा है और मैं इससे खुश हूं। मुझे लालची नहीं बनना, जो हो रहा है, हूं कि इसे सही तरीके से उन लोगों तक पहुंचाऊं। बालीवुड का क्लासिकल कथक पर बहुत प्रभाव है। मैं चाहती हूं कि उसमें संतुलन लाया जाए। मैं खुद बालीवुड से हूं, तो इसे गलत नहीं कहूंगी, लेकिन इस नृत्य की शुद्धता बरकरार रखनी चाहिए। इससे इस कला को सम्मान मिलेगा। मैं प्रयास करती हूं कि इसे शुद्ध तरीके से इंटरनेट मीडिया पर प्रस्तुत करती रहूं।

# लारा दत्ता ने वेडिंग एनिवर्सरी पर पति महेश भूपति पर लुटाया प्यार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस लारा दत्ता और महेश भूपति की शादी को 12 वर्ष पूरे हो गए हैं। अब लारा दत्ता ने रविवार को अपने पति शुभकामनाएं पतिदेव।' वीडियो में महेश भूपति को अपने घुटनों पर बैठकर हाथ में वेडिंग रिंग लिए देखा जा सकता है। वह हंसते हुए नजर आ रहे हैं।जैसे ही लारा दत्ता ने और महेश भूपति ने 2011 में शादी की थी। दोनों को 2012 में एक बेटी भी हुई। शादी के बाद लारा दत्ता ने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी हाल ही में फिल्म बेल



को मजेदार अंदाज में वर्षगांठ की बधाई दी है। गौरतलब है कि लारा दत्ता ने टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति से 12 वर्ष पहले शादी कर ली थी। लारा दत्ता ने महेश भूपति का एक वीडियो शेयर किया है लारा ने एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'सबसे खराब प्रपोजल अब तक का लेकिन मैं फिर भी तुमसे कभी भी वापस शादी कर सकती हूं। 12वीं वर्षगांठ की यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उनका कमेंट सेक्शन कमेंट से भर गया। वहीं, कई लोगों ने दिल और हंसने वाली इमोजी भी शेयर की है। एक फैन ने लिखा है, 'शादी की वर्षगांठ शुभकामनाएं।' वहीं, एक ने लिखा है, 'सो क्यूट।' वहीं, इसपर लाखों लाइक्स भी आ चुके है। लारा दत्ता की फोटोज पर फैंस दिल खोलकर कमेंट्स कर रहे है। लारा दत्ता बॉटम रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 2021 में आई थी। लारा दत्ता ओटीटी पर रिलीज हुई वेब सीरीज हंड्रेड में भी नजर आई थी। यह उनका वेब सीरीज डेब्यू था। इसके बाद उन्होंने कई वेब सीरीज में काम किया। इनमें ही हिकअप्स एंड हुकअप्स और कौन बनेगी शिखरवती भी शामिल है।

# पैराग्लाइडर से अक्षय कुमार ने सेल्फी के कार्यक्रम में ली एंट्री बैरिकेट्ड फांदकर मिलने पहुंचा फैन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार दिल्ली में अपनी आगामी फिल्म सेल्फी का प्रमोशन करने पहुंचे थे। इस अवसर पर उनकी एंट्री काफी धमाकेदार रही। वह पैराग्लाइडर से उड़ते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे हैं। उन्होंने दिल्ली के एक कॉलेज कई लोग अक्षय कुमार के इस जेस्चर के लिए उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। वहीं, कई लोगों ने अक्षय कुमार की धमाकेदार एंट्री पर भी कमेंट किया है। गौरतलब है कि अक्षय कुमार की फिल्म सेल्फी भी फैन और अभिनेता के रिश्ते पर आधारित है, जहां अक्षय कुमार



में बच्चों के सामने अपनी फिल्म का प्रमोशन भी किया। इस अवसर पर उनके साथ इमरान हाशमी भी थे। खास बात यह है कि अक्षय कुमार ने फिल्म के गानों पर डांस कर लोगों का मनोरंजन भी किया। इसी दौरान जब वह फैंस से मिलने पहुंचे, तभी एक फैन बैरिकेट्ड फांदकर उनसे मिलने आगे आया। तभी सिक्योरिटी गार्ड ने उसे पीछे धकेल दिया। फैन को नीचे गिरता देख अक्षय कुमार उसके पास पहुंचे और उसे गले लगाकर समझा दिया। अब उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिल्म में एक अभिनेता की भूमिका में है। वहीं, इमरान हाशमी एक फैन की भूमिका में है। फिल्म के गाने काफी पॉपुलर है और लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं अक्षय कुमार ने एक्शन फिल्मों में भी कमाल दिखाया हैं। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ व्यापार करती है। वह एक्शन के अलावा कॉमेडी फिल्में करने के लिए जाने जाते है। सेल्फी इस वर्ष रिलीज हो रही उनकी पहली फिल्म है। फिल्म में एक्शन के अलावा ड्रामा भी है। इसे लेकर उनके फैंस भी काफी खुश है।

# लोग चाहते हैं मैं दोबारा से निभाऊं छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर शरद केलकर ने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने बताया है कि लोग उनसे प्रार्थना कर रहे हैं कि वह दोबारा फिल्मों में हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाये। गौरतलब है कि ओम राउत के निर्देशन में बनी फिल्म तानाजीः द अनसंग वॉरियर में शरद केलकर ने छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 2020 में आई थी। शरद केलकर ने इस बारे में बताते हुए कहा है, 'एक व्यक्ति के तौर पर मैं बहुत



शांत हूं। हालांकि, ओम ने मुझे महाराज के तौर पर एक अलग अंदाज में दिखाया। लोग इसे बहुत ही एग्रेसिव होते हुए निभाते हैं। उन्होंने इसे बहुत मानवीय रखा। इसने मुझे जीवन में भी शांत किया है। इस रोल ने मेरे जीवन में धैर्य लाया है। महाराज वह व्यक्ति थे, जो हमेशा सही समय का इंतजार करते थे।' शरद केलकर ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'इस प्रकार की भूमिका की मुझे 2020 के बाद कई फिल्मों में ऑफर हुई हैं। लोग मेरे पीछे पड़े हुए हैं कि मुझे एक बार फिर महाराज की भूमिका निभानी चाहिए। लगभग हर महीने मुझे किस ने किसी के पास से फोन आता था।

# प्रेग्नेंट मां के साथ आईं भारत बमबारी में खो दिए भाई-बहन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अपने जमाने की मशहूर अदाकारा हेलेन इन दिनों 'द इनविन्सिबल्स विद अरबाद



खान' शो को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने इस शो के लेटेस्ट एपिसोड में अपनी जिंदगी के कई किस्सों का खुलासा किया। यह सभी जानते हैं कि एक जमाने में हेलेन और सलीम खान का अफेयर हुआ करता था। सलीम संग उनके रोमांस के किस्से घर-घर में मशहूर हैं। लेकिन उनकी निजी जिंदगी में इसके अलावा भी बहुत कुछ रहा है, जिसके बारे में उन्होंने खुल कर बात की। हेलेन ने हाल ही में अपने सौतेले बेटे अरबाज खान के शो में बताया कि उनकी जवानी मुश्किलों से गुजरी है। अपनी कठिन यात्रा के बारे में बात करते हुए हेलेन ने बताया कि उन्होंने अपने भाई को कम उम्र में ही खो दिया था। यह तब की बात है जब वह अपनी गर्भवती मां के साथ म्यांमार से भारत आने के लिए बीहड़ इलाकों में नौ महीने तक ट्रेकिंग की थी। उस दौरान जापानी आक्रमण हुआ था। करीब 300-350 लोग पलायन कर गए। उन्होंने बताया कि छोटे भाई के साथ नौ महीने तक ट्रेकिंग की। उस वक्त उनकी मां गर्भवती थीं। इतना ही नहीं, जब वह अंतिम उड़ान भरने के लिए बर्मा हवाई अड्डे पर गए, तो जापानी आए उस संबंधित विमान पर बमबारी कर दी। उन्होंने बताया कि यह काफी मुश्किल दौर था। उन्होंने अपने भाई-बहन को खो दिया था। इसी चैट शो में उन्होंने जीवन जीने के अपने तरीके के बारे में भी बताया। हेलेन ने कहा कि वह धार्मिक नहीं हैं, लेकिन आध्यात्मिक हैं। अरबाज ने उनसे पूछा कि पॉजिटिव लाइफ जीने का उनका तरीका क्या है। हेलेन ने बताया कि वह भगवान में बहुत विश्वास रखती हैं और यह मानती हैं कि जो होना होता है, वह होगा। उनका डेस्टिनी में बहुत यकीन है। गौरतलब है कि हेलेन और सलीम खान के रिश्ते उस वक्त बहुत चर्चा में थे, जब दोनों ने 1981 में शादी कर ली थी। हेलेन से शादी करने के दौरान सलीम पहले से शादीशुदा और चार बच्चों (सलमान, अरबाज, सोहेल और अलवीरा) के पिता थे।

## एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ले रही हैं डांस और मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** हिंदी सिनेमा से करीब दो साल दूर रहने के बाद नरगिस फाखरी ने हालिया प्रदर्शित 'शिव शास्त्री बाल्बोआ' से वापसी की है। नरगिस के अनुसार अब दर्शकों को उनके नए रंग-रूप देखने को मिलेंगे। दीपेश पांडेय के साथ बातचीत के अंश कोरोना महामारी फैलने से ठीक पहले मैं भारत आने वाली थी, लेकिन अचानक चीजें बदल गईं। जिससे मुझे भारत और सिनेमा से कुछ ज्यादा समय तक दूर रहना पड़ा। अब मैं वापस आ गई हूं। मुझे लगता है कि यह मेरा नया अवतार है। मैं अपनी चीजों को पीछे छोड़कर नई लड़की बन गई हूं। मैं इस बात को लेकर भी उत्साहित हूं कि इंडस्ट्री भी अब बदल चुकी है। मैं अलग तरह की भूमिकाओं में खुद को आजमाने के लिए वेब सीरीज करना चाहती हूं।

# रश्मिका मंदाना का कूल लुक फैंस को नहीं आया रास, कहा- इतना पैसा आ गया फिर भी पैंट फटी ही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट आ रहा है। दूसरी तस्वीर क्लोजअप है। इसमें उन्होंने इयररिंग्स भी पहन रखी है और वह काफी कूल लग



फोटोशूट की दो तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें क्रॉप टी शर्ट पहने हुए देखा जा सकता है। वहीं, उन्होंने फटी हुई जींस भी पहन रखी है। उन्होंने स्टाइलिश गॉगल भी लगा रखा है और वह बालकनी में खड़ी होकर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनके पीछे समुद्र नजर रही है रश्मिका मंदाना ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'जब मेरे फ्रेंड मुझसे कहते हैं, आप पोज करिए और मैं शरमा जाती हूं।' उनकी तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर 24 लाख से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं, तस्वीरों पर 11 हजार से ज्यादा कमेंट किए गए हैं। रश्मिका मंदाना की फोटो पर कई लोगों ने मजेदार कमेंट भी किए हैं। एक ने लिखा है, 'इंजेक्शन तो यूं ही बदनाम है, बेहोश तो आप भी करती हो।' एक ने लिखा है, 'इसी बॉडी पर तो लौंडे बर्बाद हैं।' एक ने लिखा है, 'कहां घूमने गए हो।' एक ने लिखा है, 'स्टार आपकी टीशर्ट पर है और चांद आप हो।' एक ने लिखा है, 'इतना पैसा आ गया फिर भी पैंट फटी ही पहननी है।' एक ने लिखा है, 'मेरा दिल कड़के, ले गई तेरी सिंपलीसिटी।रश्मिका मंदाना फिल्म एक्ट्रेस है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय है। वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है। इसे लेकर उनके फैंस भी काफी उत्साहित रहते हैं। वह फिल्म पुष्पा द राइज से काफी फेमस हुई है। इस फिल्म में उनका अलावा अल्लू अर्जुन की अहम भूमिका थी।


स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com



नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।